आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ

• वर्ष- 16 अंक 125- • जबलपुर • सोमवार, 6 जून, 2022 • मूल्य- 2 रुपए • पृष्ठ-8 • ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष-7 • विक्रम संवत् 2079 शके 1935

24 घंटे देखे यश भारत डिजिटल न्यूज़ चैनल


DIGIANA NEWS 91

hathway 598

UCN NEWS HD 81

## धर्मेन्द्र की हालत गंभीर

नई दिल्ली। बॉलीवुड हीमैन धर्मेन्द्र को मुंबई के ब्रीचकैंडी हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया है। उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है।



86 साल के एक्टर को पिछले महीने भी हॉस्पिटलाइज किया गया था। दरअसल एक्टर अपनी अपकमिंग फैमिली ड्रामा फिल्म अपने 2 की शूटिंग के दौरान मसल खिंचने के चलते उन्हें ह्वष्ट में भर्ती कराया गया था।

# वीभत्स नजारा, पेड़ों पर लटके शव किसी का हाथ तो किसी का पैर गायब

## एयरफोर्स के विमान से खजुराहो लाई जाएंगी मृतकों की पार्थिव देह

**देहरादून, भोपाल,एजेंसी ,यशभारत।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से उत्तराखंड बस हादसे में पन्ना के दिवंगत भाई-बहनों के पार्थिव देह को एयरफोर्स के विमान से ससम्मान मध्य प्रदेश पहुंचाने के लिए आग्रह किया। उन्होंने मेरा अनुरोध स्वीकार किया। मैं उनके प्रति हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में दुखद बस दुर्घटना में नहीं रहे पन्ना के हमारे भाई-बहनों के शवों का रात में ही पोस्टपार्टम कर दिया गया था। आज दोपहर 2 बजे तक उनके पार्थिव देह को प्रदेश में एयरफोर्स के विमानों के माध्यम से रवाना कर दिया जाएगा। मैं और पूरी टीम सतत संपर्क में है।सभी पार्थिव देह 10 बजे तक देहरादून पहुंच जाएंगे। मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने ज्यादा टीम लगाकर जल्दी एंबालमिंग के निर्देश दिए हैं। शिवराज ने कहा कि हवाई जहाज दोपहर दो बजे तक जौलीग्रांट पहुंच जाएगा। उसके बाद सभी शवों को खजुराहो एयरपोर्ट पर उतारा जाएगा। खजुराहो में हमारी गाड़ियां पहले से मौजूद रहेंगी, जो तीर्थयात्रियों के पार्थिव देह को तुरंत उनके गांव ले जाएंगी। हमारी कोशिश है कि हम पूरे सम्मान के साथ मध्य प्रदेश उनको पहुंचा पाएं और आज ही उनका अंतिम संस्कार हो जाए। सीएम पुष्कर सिंह धामी और शिवराज सिंह चौहान घटनास्थल पर पहुंचेऔर यहां अधिकारियों से बातचीत कर हालात का जायजा लिया। हादसा इतना भयावह था कि बस के परखच्चे उड़ गए। यमुनोत्री हाईवे पर रिखाऊं खड्ड के पास हुई बस दुर्घटना के जिला पंचायत सदस्य हाकम सिंह रावत ने बताया कि जब वह घटनास्थल पर पहुंचे तो वहां रोंगटे खड़े कर देने वाला मंजर था। हादसे के बाद बस के परखच्चे उड़े हुए थे। वहीं यात्रियों के शव पेड़ों से लटक रहे थे। किसी का हाथ गायब था तो किसी का पैर। आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण लेने वाले हाकम किसी तरह खाई में उतरे। उन्होंने तत्काल डीएम, एसपी और सीओ को घटना की जानकारी दी। विकासखंड मोरी के जखोल वार्ड नंबर 22 से जिला पंचायत सदस्य हाकम सिंह रावत ने बताया कि वह रविवार को देहरादून से उत्तरकाशी के लिए चले थे।



दुर्घटना स्थल पर पहुंचे मुख्यमंत्री शिवराज सिंह



### शव लेकर पन्ना पहुंचेंगे बीडी शर्मा



क्षेत्रीय सांसद एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने दुख जताते हुए इस हृदय विदारक घटना पर पीड़ितों को हर सम्भव मदद के लिए उत्तराखंड शासन तथा मुख्यमंत्री से बात की है। श्री शर्मा ने कहा कि पन्ना क्षेत्र के तीर्थयात्रियों के साथ हादसे के बाद उत्तराखंड प्रशासन रेस्क्यू में जुटा है। घायलों का इलाज कराया जा रहा है। प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह से बात की तथा लगातार संपर्क में है। श्री शर्मा ने कहा कि हम सभी लगातार पीड़ितों तथा प्रशासन के सम्पर्क में है। वे भी उत्तराखंड पहुंचे हैं । वे शव लेकर पन्ना आएंगे।

### इंदौर में बाइक-पिकअप में भिड़त

## भाई जिंदा जला, बहन और उसके दो बच्चों की भी मौत

**इंदौर ,एजेंसी।** इंदौर में खंडवा रोड भेरुघाट सेक्शन में प्याज से भरी पिकअप से टकराने के बाद बाइक में आग लग गई। बाइक चला रहे लोकेश निवासी ग्राम मेंडल जिंदा जल गए। बहन पूजा निवासी बागोदा सिमरोल, उसके 8 महीने के बेटे दीपक, 9 साल की बेटी कुमकुम की मौत हो गई। सभी मेंडल गांव आ रहे थे। पिकअप ड्राइवर गाड़ी छोड़कर भाग गया। सिमरोल पुलिस के मुताबिक घटना भेरुघाट उतार की है। चोरल रोड पर ओवरटेक कर आ रही पिकअप ने बाइक को टक्कर मार दी। जिसमें बाइक सवार लोकेश (22) पुत्र बालू मकवाना निवासी ग्राम मेंडल, उसकी बहन पूजा (30) पति सालगराम निवासी सिमरोल की मौके पर ही मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसा इतना भयावह था कि बाइक में आग गई और लोकेश वहीं जिंदा जल गया। उसे बचाने का मौका भी नहीं मिला।

## कांग्रेस के पूर्व प्रवक्ता ऋषभ भदौरिया ने की पत्नी की गोली मारकर हत्या

**ग्वालियर, एजेंसी ।** शहर के थाटीपुर में दर्पण कालोनी में रहने वाले कांग्रेस के पूर्व प्रवक्ता ऋषभ भदौरिया ने अपनी पत्नी भावना की सिर में गोली मारकर हत्या कर दी। घटना रात करीब ढाई बजे की है। बताया जाता है कि पति पत्नी के बीच में किसी बात को लेकर विवाद हुआ था, इसी दौरान गुस्से में ऋषभ ने पत्नी पर फायर कर दिया। जब बच्चों मां का लहूलुहान शव देखा तो वह भी डरकर सहम गए। आरोपित अपनी पत्नी को गोली मारने के बाद मौके से फरार हो गया है। दर्पण कालोनी में ऋषभ भदौरिया अपनी पत्नी और दो बच्चों के साथ निवास करते हैं। उनके पास वाले घर में ही पिता कृष्णकांत एवं अन्य सदस्य रहते हैं। रात को ढाई बजे गोली चलने की आवाज सुनकर पिता एवं अन्य सदस्य भी घटनास्थल पर पहुंच गए। इसके बाद पिता ने ही पुलिस को घटना की जानकारी दी गई। हालांकि कोई भी परिवार का सदस्य फिलहाल इस बारे में कुछ भी बता नहीं रहा है। पुलिस बच्चों एवं अन्य परिजनों से बात कर कारण पता लगाने का प्रयास कर रही है। हालांकि गोली सिर में लगी है, ऐसे में पुलिस का कयास है कि गोली नजदीक से ही मारी गई है। साथ ही पिस्टल से गोली मारे जाने की आशंका भी जताई जा रही है। दर्पण कालोनी थाटीपुर में कांग्रेस नेता ऋषभ भदौरिया का निवास हैं। यह प्रदेश कांग्रेस कमेटी में पूर्व प्रवक्ता भी रह चुके हैं। दो अप्रैल को ग्वालियर चंबल में भड़की हिंसा के दौरान ऋषभ का नाम चर्चाओं में आया था। इस मामले में इनका नाम भी आया था। साथ ही पुराने आपराधिक प्रकरणों के चलते जिला दंडाधिकारी की तरफ से वर्ष 2020 में ऋषभ के खिलाफ जिला बदर की कार्रवाई का नोटिस भी जारी किया गया था। आज सुबह जब लोगों ने ऋषभ के घर से गोली चलने की आवाज सुनी तो सब हैरान रह गए, अंदर जाकर देखा तो भावना का लहूलुहान शव घर में पड़ा था।





## जम्मू के भदरवाह में वासुकी नाग मंदिर पर हमला

**जम्मू ,एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में उस समय हड़कंप मच गया जब प्राचीन वासुकी नाग मंदिर में तोड़फोड़ की गई। घटना सामने आने के बाद हिंदू संगठन सड़क पर उतर आए। जमकर नारेबाजी की और मंदिर को निशाना बनाने वालों पर कार्रवाई की मांग की। वासुकी नाग मंदिर भदरवाह को भद्रकाशी के नाम से भी जाना जाता है। तोड़फोड़ रविवार देर रात या सोमवार तड़के की गई है। जम्मू में पिछले कई दिनों से हिंदू मंदिरों को निशाना बनाया जा रहा है। उसी कड़ी में अब वासुकी नाग मंदिर में तोड़फोड़ की गई है। बताया जा रहा है कि सुबह पुजारी जब मंदिर पहुंचे तो वहां की स्थिति देखकर दंग रह गए। मंदिर में बाहर से लेकर अंदर तक तोड़फोड़ की गई थी। मंदिर के दरवाजे, खिड़कियां टूटे पड़े थे। मंदिर के अंदर मूर्ती के ऊपर भी पत्थर फेंके गए थे। पुजारी ने इलाके के लोगों और पुलिस को सूचना दी।

**जमकर तोड़फोड़, गुस्साए लोगों का विरोध प्रदर्शन**

### आज ऑपरेशन ब्लू स्टार की 38वीं बरसी

## अकाल तख्त पर लगे खालिस्तान जिंदाबाद के नारे

**अमृतसर,एजेंसी।** ऑपरेशन ब्लू स्टार की आज 38वीं बरसी है। अमृतसर स्थित स्वर्ण मंदिर में कार्यक्रम आयोजित किया गया है। वहीं कार्यक्रम के दौरान खालिस्तान जिंदाबाद के नारे गूंज रहे हैं। गर्म ख्यालियों के साथ-साथ खालिस्तान समर्थक भी पहुंचे हुए हैं। ऑपरेशन में मारे गए लोगों के परिवारजन भी आए हैं।हजारों की तादाद में संगत दरबार साहिब में माथा टेकने आ रही है।अकाल तख्त पर मौजूद खालिस्तानी समर्थक।थोड़ी देर में अखंड पाठ का भोग डाला जाएगा। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अधिकारी और अकाल तख्त के जत्थेदार ज्ञानी हरप्रीत सिंह कुछ लोगों को सम्मानित करेंगे। इसके बाद ज्ञानी हरप्रीत सिंह कौम के नाम संदेश भी जारी करेंगे। बीते सालों की तरह कोई घटना न हो, इसके लिए पुलिस ने गोल्डन टेंपल के अंदर और बाहर सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए हैं। कार्यक्रम में सरबत खालसा के जत्थेदार ध्यान सिंह मंड के भी पहुंचने का चर्चा है। बीते कुछ सालों में ज्ञानी हरप्रीत सिंह के संदेश के बाद ध्यान सिंह मंड भी संदेश देने की कोशिश करते हैं, जिसके बाद स्त्रक्क्रष्ट और सरबत खालसा समर्थकों के बीच झड़प हो जाती है।




**गोल्डन टेंपल के रास्ते पर पुलिस बल तैनात**

गोल्डन टेंपल तक आने-जाने वाले सभी रास्तों पर पुलिस और सुरक्षा बल तैनात किए गए हैं। कैंपस के अंदर स्त्रक्क्रष्ट की ओर से भी अपनी टास्क फोर्स तैनात की गई है। पंजाब पुलिस के महिला-पुरुष कर्मचारी सिविल कपड़ों में तैनात हैं, ताकि किसी भी अप्रिय घटना को होने से पहले ही रोका जा सके।

**कल शाम को निकाला था आजादी मार्च**

## पीएम मोदी ने जारी की सिक्कों की खास सीरीज

**नई दिल्ली,एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को वित्त और कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालयों के आइकोनिक वीक समारोह के उद्घाटन कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस दौरान पीएम मोदी ने कॉरपोरेट मंत्रालय के योगदान पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान भारतीय रुपये की गौरवशाली यात्रा को भी दिखाया गया। इसके साथ ही आजादी के अमृत महोत्सव के लिए समर्पित नए सिक्के लॉन्च हुए। इनमें 1 से 20 रुपये तक के सिक्कों की स्पेशल सीरीज भी जारी की गई है। इस दौरान उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि बीते वर्षों में वित्त मंत्रालय और कॉरपोरेट मंत्रालय ने अपने कार्यों के द्वारा, सही समय पर सही निर्णयों के द्वारा अपनी एक द्यद्गद्दड्ढ4 बनाई है, एक बेहतरीन सफर तय किया है। उन्होंने कहा कि आप सभी इस विरासत का हिस्सा हैं। देश के आम जन के जीवन को आसान बनाना हो, या देश की अर्थव्यवस्था को सशक्त करना हो, बीते 75 वर्षों में अनेक साथियों ने इसमें बहुत योगदान दिया है।



## पैगंबर पर टिप्पणी को लेकर भारत की दो टूक

**नई दिल्ली ।** पैगंबर पर कथित आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर ऑर्गेनाइजेशन ऑफ इस्लामिक को-ओपरेशन के बयान की भारत ने कड़ी निंदा की है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने इस मामले में ओआईसी के सचिवालय के बयानों पर दो टूक कहा कि उसका एजेंडा विभाजनकारी है। इस विवाद में कतर, कुवैत व ईरान के बाद पाकिस्तान और सऊदी अरब भी कूद गया है। भाजपा प्रवक्ता नुपूर शर्मा के पैगंबर को लेकर बयान के बाद हंगामा खड़ा हो गया है। अरब के कई देशों ने इस टिप्पणी पर आपत्ति प्रकट की और भारतीय राजदूतों को तलब कर नाराजगी प्रकट की। हालांकि, भाजपा ने सभी धर्मों के सम्मान की बात कहते हुए शर्मा को पार्टी से निलंबित कर दिया है।

## तमिलनाडु की गदिलाम नदी में डूबने से 7 लड़कियों की मौत

**चैन्नई ।** तमिलनाडु के कुड्डालोर की गदिलाम नदी में डूबने से 7 लड़कियों की मौत हो गई। इनमें से 3 नाबालिग बताई जा रही हैं। पुलिस ने बताया कि सभी नदी में नहाने के लिए गई थीं, लेकिन पानी गहरा होने की वजह से हादसा हो गया। मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने घटना पर दुख जताया है। उन्होंने मृतकों के परिजनों को 5-5 लाख रुपए की मदद देने का ऐलान किया है।

## मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सत्येंद्र जैन के घर छापेमारी

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (श्वष्ठ) ने सोमवार सुबह दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री रहे सत्येंद्र जैन के घर सहित 7 ठिकानों पर छापा मारा। सत्येंद्र जैन पर मनी लॉन्ड्रिंग केस दर्ज है और वे 9 जून तक श्वष्ठ की हिरासत में हैं। अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली में जैन के घरों और कुछ अन्य जगहों पर छापेमारी की जा रही है। 57 साल के जैन को 30 मई को गिरफ्तार किया गया था। आय से अधिक संपत्ति और मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में जैन, उनकी पत्नी पूनम जैन और अन्य पर मामला दर्ज किया। जैन ने कथित तौर पर दिल्ली में कई शेल कंपनियां बनाई या खरीदी थीं। उन्होंने कोलकाता के तीन हवाला ऑपरेटर्स से 54 शेल कंपनियों के जरिए 16.39 करोड़ का काला धन भी ट्रांसफर किया। क्यों गिरफ्तार हुए मंत्री जैन सत्येंद्र जैन को श्वष्ठ ने अगस्त 2017 में उनके खिलाफ सेंट्रल ब्यूरो ऑफ इंवेस्टिगेशन (ष्टक्चढ्ढ) द्वारा दर्ज मनी लॉन्ड्रिंग के केस के तहत अरेस्ट किया है। पिछले महीने श्वष्ठ ने जैन परिवार और उनसे जुड़ी कंपनियों की 4.81 करोड़ रुपए की संपत्ति कुर्क की थी। 2018 में भी इस मामले में श्वष्ठ ने सत्येंद्र जैन से पूछताछ की थी। सत्येन्द्र जैन की गिरफ्तारी की बड़ी वजह यह भी सामने आई है कि वो श्वष्ठ को जांच में सहयोग नहीं कर रहे थे।



**ED ने 7 ठिकानों पर रेड की, 9 जून तक हिरासत में हैं दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री**


## नाइजीरिया के चर्च में गोली बारी 50 की मौत

**अबुजा (नाइजीरिया), एजेंसी।** नाइजीरिया में रविवार को बड़ी वारदात हुई। यहां के ओवो शहर के सेंट फ्रांसिस कैथोलिक चर्च में कुछ बंदूकधारी घुस गए। चर्च में इस वक्त प्रार्थना चल रही थी। कुछ ही देर में उन्होंने लोगों पर गोलीबारी शुरू कर दी। इस घटना में कम से कम 50 लोगों के मारे जाने की खबर हैं, वहीं कई घायल बताए जा रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि घायलों में कई की हालत गंभीर बनी हुई है। ऐसे में मौतों का आंकड़ा बढ़ भी सकता है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, बंदूकधारियों ने पादरी और कई श्रद्धालुओं का अपहरण कर लिया है।

## अमेरिका के टेनेसी में हुई गोली बारी, 3 की मौत, 14 घायल

**टेनेसी,एजेंसी।** अमेरिका के टेनेसी में एक नाइट क्लब के बाहर रविवार को गोलीबारी हुई। इस घटना में 3 लोगों की मौत हो गई और 14 लोग घायल हो गए हैं। पुलिस ने बताया कि कुछ घायलों को गोली लगी है और कई भागने के दौरान वाहनों की चपेट में आने से घायल हुए हैं।

## राजस्थान,उप्र केरल में स्वाइन फ्लू से मौत के बाद मचा हड़कंप



**नई दिल्ली,भोपाल,एजेंसी, यशभारत।** कोरोना संक्रमण के बढ़ते केसों के बीच केरल, उत्तर प्रदेश और राजस्थान में स्वाइन फ्लू से मरीजों की मौत से हड़कंप मचा गया है। वहीं, मध्य प्रदेश के इंदौर में 3 लोग और ओडिशा में भी 2 लोग ॥1ह्1 से संक्रमित पाए गए हैं। देशभर के कई राज्यों में स्वाइन फ्लू के नए केस मिलने से दहशत है। मरीजों में कोरोना जैसे ही लक्षण निमोनिया, सांस लेने में समस्या और ऑक्सीजन की कमी देखने को मिल रही है, जो काफी खतरनाक संकेत है।

## इंदौर में 3 और ओडिशा में भी 2 लोग HvNv से संक्रमित

### देश में आज फिर कोरोना के 4000 से ज्यादा नए मामले, 25 हजार के पार हुए एक्टिव केस

नई दिल्ली,भोपाल ,एजेंसी। देश में कोरोना के मामलों में फिर उछाल देखने को मिला है। कल यानि रविवार के मुकाबले सोमवार को कोरोना के मामले बढ़े हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि बीते 24 घंटे में कोरोना के 4,518 नए मामले सामने आए हैं। बता दें कि रविवार को देश में कोरोना के 4,270 केस दर्ज किए गए थे। मंत्रालय ने बताया कि बीते 24 घंटे में कोरोना से 2,779 लोग डिस्चार्ज भी हुए हैं। वहीं, इस दौरान 9 लोगों की मौत हो गई है। इसके साथ ही एक्टिव केस बढ़कर 25,782 हो गए हैं। कोरोना से अब तक 4 करोड़ 26 लाख 30 हजार 852 लोग ठीक हो चुके हैं। वहीं, अब तक कुल 4 करोड़ 31 लाख 81 हजार 335 मामले सामने आ चुके हैं। मंत्रालय ने बताया कि कोरोना से अब तक कुल 5 लाख 24 हजार 701 लोगों की मौत भी हो चुकी है।

## करण जौहर की बर्थडे पार्टी में आए 50 लोग हुए कोरोना संक्रमित, कई बॉलीवुड सितारे भी हैं शामिल

मुंबई । फिल्म निर्माता करण जौहर की बर्थडे पार्टी में शामिल हुए लोगों में से 50 से ज्यादा लोग कोरोना से संक्रमित पाए गए हैं। ये पार्टी करण के जन्मदिन के अवसर पर रखी गई थी। करण जौहर पिछले महीने 50 साल के हुए है। मनोरंजन जगत के इस जश्न में शाहरुख खान, करीना कपूर खान, ऋतिक रोशन, आमिर खान जैसे बॉलीवुड के कई लोग शामिल हुए थे।रिपोर्ट के अनुसार, कोरोना वायरस की चपेट में आने वाले लोगों की पूरी जानकारी अभी नहीं है। परंतु समझा जाता है कि कई सेलेब्स कोरोना से संक्रमित पाए गए हैं।





प्रधानमंत्री को सुनते अधिकारी व कारपोरेट संगठन के लोग

# पीएम ने किया आईकॉन वीक का शुभारंभ

**जबलपुर,यशभारत।** सोमवार को मानस भवन में वित्त मंत्रालय और कॉर्पोरेट अफेयर मिनिस्ट्री का संयुक्त कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित किया। जानकारी के मुताबिक आजादी की अमृत महोत्सव के तहत आईकॉनिक वीक समारोह देशभर में चल रहा है जिसके तहत मुख्य आयोजन दिल्ली में हुआ जिसके साथ 70 शहरों को इससे जोड़ा गया । मानस भवन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान इनकम टैक्स जीएसटी और बैंकों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने उद्बोधन के द्वारान कहा कि वित्त मंत्रालय और कारपोरेट अफेयर मंत्रालय ने देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।इस दौरान उन्होंने जन समर्थ ऐप का भी लोकार्पण किया जो आर्थिक गतिविधियों से जुड़ी अनेक सुविधाएं एक प्लेटफार्म पर प्रदान करेगा। साथ ही प्रधानमंत्री के द्वारा 1 से 20 रुपए तक के सिक्कों की एक नई सीरीज भी लोकार्पण किया।



समर्थ ऐप का हुआ लोकार्पण

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि ऋद्धश्हद्ध्य-यानि सुधार के साथ ही हमने जिस बात पर फोकस किया, वो है सरलीकरण। केंद्र और राज्य के अनेक टैक्सों के जाल की जगह अब जीएसटी ने ले ली है। इस सरलीकरण का नतीजा भी देश देख रहा है। अब हर महीने जीएसटी लेक्शन एक लाख करोड़ रुपये के पार जाना सामान्य बात हो गई है। बीते आठ वर्षों में देश ने जो सुधार किए हैं, उनमें बड़ी प्राथमिकता इस बात को भी दी गई है कि हमारे देश के युवाओं को अपना सामर्थ्य दिखाने का पूरा मौका मिले। हमारे युवा अपनी मनचाही कंपनी आसानी से खोल पाएं, वो अपने इंटरप्राइसेस आसानी से बना पाएं और उन्हें आसानी से चला पाएं। जबलपुर में कार्यक्रम के दौरान वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से देश की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और वरिष्ठ अधिकारी जुड़े रहे साथ ही साथ जबलपुर के मानस भवन में भी बड़ी संख्या में अधिकारी मौजूद थे जिन्होंने प्रधानमंत्री के उद्बोधन को सुना।

# गर्मी ने तीखे तेवर

## न पंखे साथ दे रहे है ना ही कूलर



**जबलपुर,यशभारत।** गर्मी ने तीखे तेवर लोगों के लिए परेशानी का सबब बने हुए हैं। न पंखे साथ दे रहे है ना ही कूलर। सूरज की झुलयाने वाली तपन से घरों की पानी की टंकी भी उबाल मार रहीं शुरू कर दी हैं। शहर में पारा 45 डिग्री सेल्सियस केपार जाने के लिए उतावला हो रहा है ।रविवार को ही पारा 44.6 था जो अब तक का सर्वाधिक था। आज इसके 45 तक पहुंचने के आसार हैं। दोपहर में शहर की सड़के भी सूनी दिखाई देने लगी हैं। लोग आवश्यकता पड़ने पर ही बे मुश्किल बाहर निकल रहे हैं। जबलपुर पिछले पांच दिनों से भट्टी सा तप रहा है। गर्मी रिकार्ड तोड़ने आमादा है। सोमवार को भी सुबह से सूर्यदेव सातवे आसमान पर है। तीखी धूप जहां झुलसाने लगी है वही गर्म लपटों का अहसास होने लगा है। हालांकि बीच-बीच में छा रहे हल्के बादल धूप से मामूली राहत मिल रही हैं। चिलचिलाती धूप और करीब 10 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से चली गर्म लपटें लोगों को झुलसाती रही। ऐसा लगा मानो आसमान से आग बरस रही हो। सुबह से शाम तक लोग गर्मी में तपते रहे। मौसम विभाग की माने तो रविवार को सीजन का सबसे गर्म दिन रिकार्ड किया गया। चिलचिलाती धूप और उसमें भी उत्तरी पश्चिम गर्म हवाओं के संपर्क में रहने वालों के कंठ लगातार सूख रहे थे। हीट वेव के प्रकोप से बचने लोग बार-बार गला तर करते देखे गए। वहीं अधिकांश शीतल पेय पदार्थों का सेवन करते रहे। रात का न्यूनतम तापमान भी एक डिग्री बढ़कर 30.1 डिग्री पर दर्ज किया गया। वहीं क्षेत्रीय मौसम कार्यालय के मुताबिक अभी लोगों को गर्मी से राहत नहीं मिलेगी। तीन दिनों तक गर्मी का कहर जारी रहेगा। तापमान 45 डिग्री के पार भी जा सकता है। हालांकि हल्के बादल आंशिक राहत दे सकते हैं। रविवार को भी दोपहर करीब चार बजे के बाद हल्के बादल छाए जिससे कुछ पल के लिए धूप से राहत मिली।



## महिला कल्याण संगठन द्वारा वृक्षारोपण

जबलपुर यश भारत। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पश्चिम मध्य रेल महिला कल्याण संगठन जबलपुर मंडल की अध्यक्षा श्रीमती अशोका बिस्वास, सचिव श्रीमती ललिता दिवाकर, श्रीमती शिवांगी, श्रीमती किरण राज, श्रीमती रंजना स्वामी और साथ में महिला समिति की अन्य सदस्यों ने डब्ल्यू. एस. ई. सी.के. जी. हाई स्कूल प्रांगण में स्कूल शिक्षिकाओं वा अन्य लोगों के साथ वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर श्रीमती बिस्वास ने बताया कि विश्व पर्यावरण दिवस 2022 की थीम ओनली वन अर्थ है, जिसका मतलब केवल एक पृथ्वी है। इस साल 49वां विश्व पर्यावरण दिवस है। विश्व पर्यावरण दिवस (5 जून) की स्थापना 1972 में संयुक्त राष्ट्र (यूएन) द्वारा मानव पर्यावरण पर स्टॉकहोम सम्मेलन में की गई थी, जिसके बाद 1974 में अमेरिका में इस दिन को मनाने के लिए पहला उत्सव मनाया गया था। पर्यावरण की रक्षा के लिए लोगों को प्रोत्साहित करने हेतु हर साल 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाता है। विश्व पर्यावरण दिवस पर्यावरण को समर्पित एक दिन है और पर्यावरण के मुद्दों के बारे में आम लोगों में जागरूकता फैलाने के लिए मनाया जाता है।

## विश्व पर्यावरण दिवस

# नगर निगम ने विभिन्न प्रजातियों के फलदार और छायादार पौधे रोपे

**जबलपुर, यश भारत।** विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में रविवार की सुबह कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी, निगमायुक्त आशीष वशिष्ठ एवं पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ बहुगुणा के द्वारा नगर निगम के सामने नेहरू गार्डन में वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर निगमायुक्त आशीष वशिष्ठ ने

कलेक्टर, निगमायुक्त और पुलिस अधीक्षक ने नेहरू पार्क में लगाये पौधे

अपने संदेश में कहा कि आज धरती को हरा भरा रखना बहुत जरूरी है। उन्होंने यह दिवस डेली मनाने और सभी लोगों को पौधा लगाने के लिए विनम्र अपील की और साथ ही सिंगल यूज प्लास्टिक का उयोग न करने के संदेश भी दिया गया। इस अवसर पर कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक एवं निगमायुक्त के द्वारा अनेक प्रजातियों के फलदार एवं छायादार पौधे नेहरू पार्क में लगाये गए। इसी प्रकार नगर निगम के संभाग क्रमांक 6 और राजुल शिक्षा स्वास्थ्य समिति के संयुक्त तत्वावधान में निगमायुक्त आशीष वशिष्ठ के निर्देशानुसार एवं उनके मार्गदर्शन में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। पौधारोपण कार्यक्रम में संभाग 6 के संभागीय



अधिकारी सत्येंद्र चक्रवर्ती, मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक कालूराम सोलंकी, तथा राजुल शिक्षा स्वास्थ्य समिति से डॉ. अहिरवार के साथ-साथ शहर के नागरिकों के द्वारा भी भाग लिया जाकर पौधारोपण किया गया जो कि संभाग क्रमांक 6 के एम.आर.एफ. प्लांट में पौधारोपण किया गया। इस दौरान 50 से अधिक विभिन्न प्रजातियों के फलदार और छायादार पौधों का रोपण किया गया।

# श्री राम कॉलेज के 24 छात्रों का केंपस सिलेक्शन

जबलपुर यशभारत। श्री राम कॉलेज में आयोजित पिनक्लिक के कैम्पस में बेचलर आफ इंजिनियरिंग के इलेक्ट्रानिक्स सीएस इलैक्ट्रिकल एण्ड इलेक्ट्रानिक्स मैकेनिकल एवं एमबीए विभाग के 24 छात्रोड्ड का चयन किया गया। जिसमें मैकेनिकल से 10 एमबीए विभाग से 10 इलेक्ट्रीकल विभाग से 1 सिविल से 1 बीएससी से 1 एवं बी काम से 1 छात्र शामिल है। श्री राम इंजीनियरिंग कॉलेज के ट्रेनिंग एंव प्लेसमेंट अधिकारी विवेक राजपूत एवं रिया नैयर ने बताया कि छात्रो को 5.16 लाख का सालाना पैकेज पर लिया गया है। साथ ही एनसीएस मे 2 छात्रों का चयन 7.32 लाख गीतांजली होम स्टेट मे

## 5.16 लाख के पैकेज पर पिनक्लिक में हुआ चयन

9 छात्रो का 5लाख के पैकेज स्वेयर यार्ड मे 7 छात्र का 4.5 लाख टाटा पावर में 3 छात्र का 6.06 लाख इंडोवेन्स मे 2 छात्रो का 5 लाख के पैकेज रीड एण्ड विलो में 3 छात्र का चयन 4.5 लाख के पैकेज पर किया गया। इसके साथ ही इस सप्ताह में अन्य मल्टी नेशनल कम्पनियों द्वारा भी कालेज के छात्रों की चयन प्रक्रिया जारी है। जिसमे लेरा टैक्नालाजी पैकेज 4.2 लाख इंडोवेन्स पैकेज 3 लाख आटोमोटिव मेनुफेक्चरर प्रा. लि. पैकेज 2.5 लाख रिवादुर पैकेज 6.25 लाख प्लेनेट स्पार्क पैकेज 7.1 लाख एंव कोडजिन टैक्नालाजीपैकेज 3.5 लाख के सालाना पैकेज का प्रदान करने वाली कम्पनिया शामिल है। जो आने वाले सप्ताह में अपनी चयन प्रक्रिया पूर्ण कर चयनित छात्रो को उपरोक्त पैकेज के आफर लेटर प्रदान करेगी ।इस मौके पर श्री राम कालेज के एनसीसी अधिकारी कैप्टन डा प्रदीप दुबे को एनसीसी जबलपुर ग्रुप मे दूसरी बार उत्कृष्ट कार्य करने के लिये अति विशिष्ट सेवा पुरुस्कार एंव प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया कैम्पस में सफल छात्रों को कॉलेज के प्रबंधन ने बधाई दी है।



## रानी दुर्गावती किले में किया गया वृक्षारोपण

जबलपुर,यशभारत। पर्यावरण के दिवस के अवसर पर प्रकृति बचाओ पेड़ लगाओ और जीवन बचाओ का भावनात्मक अभियान चलाकर रानी दुर्गावती किले में वृक्षारोपण कर पर्यावरण प्रेमियों ने अपने कर्तव्य को पालन किया । शांति नगर राम जानकी मंदिर के पास वृक्षारोपण कार्यक्रम में जिले के अध्यक्ष डॉ एम एल केवट कोषाध्यक्ष दिलीप माझी उपाध्यक्ष संजय गुप्ता राजेश रैकवार उमेश राठौर आशीष मिश्रा मठ मंदिर प्रमुख शैलेंद्र जोशी दीपक तिवारी दीपक गुप्ता उमेश शुक्ला कुमार राठौर शैलेंद्र विशेन सुनील सोनकर राजवीर प्रेम जी महेंद्र नामदेव विक्रम समाजसेवी डॉ मुकेश पांडे शुभ रैकवार आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# ताइक्वांडो प्रतियोगिता पुमसे का शुभारम्भ

**जबलपुर,यशभारत।** स्टेमफील्ड इंटरनेशनल स्कूल, जेडीए स्कीम, 41ए ग्राम कचनारी जबलपुर में इंटर क्लब ताइक्वांडो प्रतियोगिता पुमसे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में वरिष्ठ समाजसेवी जगतबहादुर सिंह, प्राचार्य श्रीमती मनमीत कोहली, रीतेश वर्मा, अश्विनी शर्मा द्वारा शाला प्रांगण में वृक्षारोपण किया गया। शुभारम्भ जगत बहादुर द्वारा दीप प्रज्जवलन कर किया गया। इस अवसर पर पर्व जायसवाल (मैनेजिंग डायरेक्टर), श्रीमती सुप्रिया जायसवाल (डायरेक्टर) स्टेमफील्ड इंटरनेशनल स्कूल की गरिमामय उपस्थिति ने सभी प्रतियोगियों का उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता का संचालन श्रीमती शिवकृति बांगड़े के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का आयोजन अरूण यादव सचिव, जिला ताइक्वांडो एसोसिएशन, जबलपुर के मार्गदर्शन में किया गया। टीम के ऑफिशियल सहयोगी श्री जय बघेल, महक बागड़े, प्रियंका केवट, अदिति, अनामिका, अभिमन्यु, अनुराग पटेल, विकम राजपूत, रिषभ यादव थे। प्रतियोगिता में जबलपुर पांच क्लब के 150 खिलाड़ियों ने प्रम्रसे का शानदार प्रदर्शन करते हुये अपनी सफलता दर्ज की।



स्टेमफील्ड स्कूल में आयोजन



## सीएमडी द्वारा खमरिया के नये द्वार का उद्घाटन

### वरिष्ठ दरवानों से फीता कटवा कर दिया नया संदेश

जबलपुर यशभारत। दो दिन के प्रवास पर आये म्युनिशन इंडिया लिमिटेड के सीएमडी रविकांत ने निर्माणी में प्रवेश करने के पहले नये बने द्वार का उद्घाटन किया ।इस मौके पर उन्होंने वरिष्ठ दरवानों से फीता कटवा कर संदेश दिया कि यह निर्माणी आपकी है इसे आप संजो कर रखें। इस अवसर पर बी बी सिंह अशोक कुमार अमित सिंह विकास पुरवार दिनेश कुमार आदि अधिकारियों के साथ यूनियनों एसोसिएशन के पदाधिकारी अजय चौहान सतेन्द्र सिंह बी बी ओझा रामप्रवेश अर्नव दास राजेन्द्र चराढ़िया रूपेश पाठक आंनद शर्मा आदि उपस्थित थे ।सीएमडी रविकांत ने इसके बाद शहीद स्थल पंहुच कर श्रद्धांजलि अर्पित की। एफ टी आई हाल में अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ संवाद में हिस्सा लिया।

## पमरे महाप्रबंधक ने किया नवनिर्मित 11 केवी/750 वोल्ट विद्युत सब स्टेशन व 600 केएलडी एसटीपी का उद्घाटन किया

# 5 करोड़ 35 लाख रुपए की बचत होगी

***जबलपुर यश भारत।** पश्चिम मध्य रेल पर्यावरण सरंक्षण के लिए ऊर्जा की बचत में अहम भूमिका निभा रहा है ।विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर महाप्रबंधक सुधीर कुमार गुप्ता द्वारा जबलपुर कोचिंग डिपो में नवनिर्मित 11 केवी/750 वोल्ट विद्युत सब स्टेशन और नवनिर्मित 600 केएलडी एसटीपी (सेवेज ट्रीटमेन्ट प्लांट) लोको तैलया में उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर अपर महाप्रबंधक शोभन चौधुरी, प्रमुख मुख्य यांत्रिकी इंजिनियर आर. एस. सक्सेना, प्रमुख मुख्य विघुत इंजिनियर आर. के. गुप्ता एवं मण्डल रेल प्रबंधक संजय विश्वास सहित मण्डल के अधिकारी तथा कर्मचारी भी उपस्थित रहे ।



जबलपुर कोचिंग डिपो में नवनिर्मित 11 केवी/750 वोल्ट विद्युत सब स्टेशन के स्थापित होने से पर्यावरण के अनुकूल वातावरण प्रदूषण में प्रतिवर्ष लगभग 876 टन कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्ज को कम करने सहायक सिद्ध होगा। इस सब स्टेशन से 750 वोल्ट विद्युत आपूर्ति मिलने से वॉशिंग पीट लाइन 1, 2, 3 में औसतन प्रतिदिन 06 एलएचबी रैकों की ट्रेन का प्राइमरी तथा सेकेंड्री मेंटिनेंस किया जाएगा। जिससे प्रतिवर्ष लगभग रूपये 02 करोड़ 17 लाख के डीजल एवं इलेक्ट्रिसिटी की बचत होगी ।जबलपुर लोको तैलया में नवनिर्मित 600 केएलडी क्षमता के सेवेज ट्रीटमेन्ट प्लांट से पानी को रिसाइक्लिंग किया जायेगा। इस प्लांट से वाशिंग पिट लाइन 1, 2 और 3 से उत्पन्न अपशिष्ट जल को प्राथमिक संग्रह पिट पर एकत्र किया जाता है और फिर आरसीडी इंडियन ऑयल के बगल में कच्चे पानी के संग्रह के लिए पंप किया जाता है। इस रिसाइकल्ड पानी का उपयोग वाशिंग पिट लाइन 1, 2, 3, 4, 5 और 6 पर वैगनों की धुलाई और रेल सौरव उद्यान और जीएम कार्यालय के बगीचे की बागवानी के लिए किया जाता है। जिससे पानी के खर्च के लिए प्रतिवर्ष लगभग रूपये 03 करोड़ 18 लाख की बचत होगी।

## विश्व पर्यावरण दिवस – महाप्रबंधक द्वारा पौधारोपण , प्रदर्शनी का उद्घाटन

*जबलपुर यश भारत। सयुंक्त राष्ट्र द्वारा प्रकृति को समर्पित दुनियाभर में मनाया जाने वाला सबसे बड़ा उत्सव विश्व पर्यावरण दिवस पुरे भारतीय रेलवे में भी मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में पश्चिम मध्य रेल में विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून 2022 को जबलपुर सहित तीनों मण्डलों में व्यपाक स्तर पर वृक्षारोपण किया गया। इस वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस का थीम है ऑनली वन अर्थ अर्थात प्रकृति के साथ सद्भाव में स्थाई रूप में रहने के साथ केवल एक पृथ्वी का नारा दिया गया है। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पश्चिम मध्य रेल के महाप्रबंधक सुधीर कुमार गुप्ता एवं अपर महाप्रबंधक श्री शोभन चौधुरी के द्वारा रेलवे बजरंग कॉलोनी एवं लोको तैलया में वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर प्रमुख मुख्य यांत्रिकी इंजिनियर आर. एस. सक्सेना, प्रमुख मुख्य वाणिजय प्रबंधक मुकुल सरन माथुर, प्रमुख मुख्य विघुत इंजिनियर आर. के. गुप्ता, प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी एस. के. अलबेला, प्रमुख मुख्य समाग्री प्रबंधक डी. सी. अहिरवार, प्रमुख मुख्य चिकित्सा निदेशक डॉ. एच. के. श्रीवास्तव, मुख्य प्रशानिक अधिकारी /निर्माण ए. के. सिंह सहित मण्डल रेल प्रबंधक श्संजय विश्वास ने भी वृक्षारोपण किया । विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जबलपुर स्टेशन प्लेटफार्म नंबर 01 साइड पर्यावरण संरक्षण संबंधित मण्डल के विभागों द्वारा एक प्रदर्शनी लगाई गई। जिसका लोकार्पण एवं प्रदर्शनी का अवलोकन महाप्रबंधक द्वारा किया गया।



# पुरानी पेंशन बहाली हेतु वृहद संगोष्ठी संपन्न



### जबलपुर से संगोष्ठी में शामिल होने कटनी पंहुचे हजारों

जबलपुर यशभारत। एनएमओपीएस ऑडनेंस फैक्ट्री कटनी के तत्वावधान में विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया ।जिसमें जबलपुर जीसीएफ व्हीएफजे जीआईएफ 506 रेलवे के हजारों कर्मचारी शामिल हुए । शहर से शामिल होने वालों में नीरज त्रिपाठी रामभूवन पटेल मनोज मिश्रा राकेश जयसवाल विकास यादव राय साहब यादव आदि रहे कटनी से संजय तिवारी धीरेंद्र वर्मा शिवेंद्र मिश्रा राकेश मिश्रा विवेक द्विवेदी नरेंद्र पटेल विपिन मिश्रा नीचांता दास के साथऑर्डनेंस फैक्ट्री कटनी के सैकड़ों कर्मचारी एवं रेलवे के साथियों के साथ बड़ी संख्या में मातृ शक्तियों ने भाग लिया ।संगोष्ठी में निर्णय लिया गया कि पुरानी पेंशन बहाली हेतु आने वाले समय में आंदोलन को मजबूती प्रदान करने हेतु जन जागरण कार्यक्रम के साथ पूरे भारत में विभिन्न सरकारी संस्थाओं रेलवे डिफेंस शिक्षा स्वास्थ्य एवं प्रदेश के सरकारी संस्थानों के साथ बातचीत करते हुए राष्ट्रव्यापी आंदोलन की तैयारी पर रूपरेखा तैयार की जाएगी । संकल्प पारित किया गया कि जब तक पुरानी पेंशन बहाल नहीं होती है संघर्ष निरंतर जारी रहेगा । कार्यक्रम समापन के बाद विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पुरानी पेंशन बहाली का संकल्प लेते हुए ओपीएस रूपी पौधे का वृक्षारोपण किया ।

# सीएम राइज स्कूल में नियम विरुद्ध तरीके से पोस्टिंग और ट्रांसफर

**जबलपुर, यशभारत।** मध्यप्रदेश शासन की महत्वकांक्षी योजना सीएम राइस विद्यालय शिक्षण सत्र 2021 ,22 में प्रारंभ किया जा रहा है इस योजना के अंतर्गत स्कूल शिक्षा विभाग में 255 विद्यालयों को सर्व सुविधा युक्त विद्यालय के रूप में विकसित करना था। परंतु इन विद्यालय में प्राचार्य, उप प्राचार्य प्रधानाध्यापक एवं शिक्षकों की पदस्थापना एवं उनके स्थानांतरण पर व्यापक लापरवाही की गई है। जिससे शिक्षकों का स्थानांतरण अन्यत्र जगह किया जा रहा है इसके खिलाफ मध्य प्रदेश हाई कोर्ट में कई याचिकाएं दायर की गई है। सीएम राइस विद्यालय योजना के अंतर्गत सरकार का मुख्य उद्देश्य यह था कि कक्षा के जीवन से 12वीं तक की कक्षा संचालित की जाएंगी जो हिंदी तथा अंग्रेजी माध्यम की शिक्षा व्यवस्था के तहत होंगी। विद्यालय में कंप्यूटर योग खेल म्यूजिक नृत्य आदि सर्व सुविधा युक्त किए जाएंगे। विद्यालय में छात्रावास एवं परिवहन की व्यवस्था भी सरकार के द्वारा की जाएगी।

### अफसरों की लापरवाही उजागर हुई

परंतु अधिकारियों के द्वारा सीएम राइस ,योजना में घोर लापरवाही एवं अनियमितता बरती जा रही है जिससे सीएम राइज विद्यालय की योजना विवादों के घेरे में आ रही है सर्वप्रथम प्राचार्य, उप प्राचार्य शिक्षक एवं तकनीकी शिक्षकों की नियुक्ति के लिए सरकार ने जो विज्ञापन निकाला था उसमें मेरिट के आधार पर चयन होना था परंतु मनमाफिक्र तरीके से अधिकारियों के द्वारा अपने लोगों को चयन कर लिया गया है एवं मेरिट पर आए हुए शिक्षकों को जिले से बाहर अन्यत्र भेजा जा रहा है । शिक्षकों को जो च्वाइस फिलिंग का ऑप्शन दिया गया था उससे हटकर उन्हें अन्यत्र विद्यालय में भेजा जा रहा है जो नियम के विरुद्ध है जिससे नाराज होकर शिक्षकों ने लोक शिक्षण संचनालय आयुक्त भोपाल को इसकी शिकायत की थी जिस पर कोई कार्यवाही ना होने से मध्य प्रदेश के करीब 50 सीएम राइस के शिक्षकों ने हाईकोर्ट में याचिकाएं दायर की हैं इन शिक्षकों का पक्ष हाईकोर्ट में एडवोकेट सत्येंद्र ज्योतिषी के द्वारा रखा जा रहा है।




## हाईकोर्ट में दायर हुई कई याचिकाएं

### 13 जून से खुलेंगे सीएम राइज स्कूल जबलपुर में 10 स्कूलों होगा प्रवेश

मध्यप्रदेश के एमपी बोर्ड के स्कूल 13 जून से खुल जाएंगे। सीएम राइज के 50 स्कूलों में एडमिशन शुरू हो जाएंगे। इनमें बच्चों को दाखिला लाटरी के जरिए दी जाएगी। पहले चरण में 274 सीएम राइज स्कूल प्रारंभ होना है। अभी तक सिर्फ 50 स्कूल का ही खुलने की स्थिति में है। पढ़ाई से लेकर बस सेवा तक फ्री रहेगी। 15 जून से पहले सभी एडमिशन हो जाएंगे। प्रदेश भर में 9 हजार से ज्यादा सीएम राइज की तजऱ् पर स्कूल खोले जाएंगे। पहले ही दिन पेरेंट्स और शिक्षकों के बीच संबंध स्थापित करने के लिए पेरेंट्स-टीचर मीटिंग होगी। सीबीएसई की तजऱ् पर मध्यप्रदेश के सरकारी स्कूलों में हर महीने पेरेंट्स-टीचर मीटिंग होगी। प्रदेश भर के सभी सरकारी स्कूल 13 जून से खुल जाएंगे।

### स्क्रीनिंग नहीं की जाएगी

अपर संचालक लोक शिक्षण डीएस कुशवाहा ने बताया कि इन स्कूल में सभी बच्चों को मौका दिया जाएगा। अगर सीट से ज्यादा आवेदक आते हैं, तो लाटरी निकाली जाएगी। स्क्रीनिंग नहीं होगी। मेरिट के आधार पर एडमिशन नहीं होगा। इसमें कोई भी बच्चा पढ़ सकता है। भेदभाद की गुंजाइश नहीं रहेगी। जिस तरह की सुविधाएं दे रहे हैं। उससे आने वाले समय में इन स्कूलों में एडमिशन टफहो जाएंगे। जिन सुविधाओं के लिए आप एक लाख रुपए दे रहे हैं, वह सभी अब फ्री में मिलने लगेंगे। इससे प्रेशर बढ़ने लगा है। इस कारण लाटरी सिस्टम से एडमिशन कर रहे हैं।

### अभी की स्थिति के अनुसार निर्णय लिए जाएंगे

पहले चरण में करीब 274 स्कूलों को चुना गया है। यहां पर अभी सुविधाएं पहले से ज्यादा हैं। अभी प्रिंसिपल को कहा गया है कि स्कूल की स्थिति को देखते हुए निणज्य लेंगे। उदाहरण के तौर पर अगर 30 ही बच्चों के पढ़ाने की व्यवस्था है, तो उतने ही बच्चों के एडमिशन करें।

### यह सुविधाएं होंगी

- स्कूल की तरफसे बस चलाई जाएगी। बच्चों को इसी से घर से स्कूल और स्कूल से घर ले जाया जाएगा। यह फ्री होगी।
- स्कूल में 160 बच्चों पर एक टीचर रहेगा।
- स्माटऱ् क्लास होंगी।
- खेल के मैदान से लेकर सभी तरह की इनडोर और आउट डोर एक्टिविटी रहेंगी।
- सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे।



# जीवन रक्षा के लिए पर्यावरण सुरक्षा जरूरी


**विश्व पर्यावरण दिवस**

जबलपुर। कृषि विज्ञान केन्द्र जबलपुर, जवाहर लाल नेहरू कृषि विश्व विद्यालय द्वारा कुलपति प्रो प्रदीप कुमार बिसेन की प्रेरणा तथा संचालक विस्तार सेवायें डा. डी पी शर्मा के निर्देशनुसार विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर कृषि विज्ञान केन्द्र जबलपुर एवं राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस का आयोजन डा. शरद तिवारी अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय जबलपुर एवं डा. रश्मि शुक्ला वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख कृषि विज्ञान केन्द्र जबलपुर के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया ।

इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र/छात्राओं द्वारा पर्यावरण सुरक्षा एवं जागरूकता विषय पर व्याख्यान प्रतियोगिता का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डा. डी के सिंह एवं डा. अर्चना पाण्डेय के नेतृत्व में किया गया । जिसमें 8 छात्र / छात्राओं ने भाग लेकर अपने विचार रखें तथा पर्यावरण सुरक्षा के लिए शपथ ली। इस अवसर पर कृषिविज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक डा. डी. के सिंह, डा.यतिराज खरे, डा. अक्षता तोमर, डा. निहारिका शुक्ला एवं वानिकी विभाग से डा. मनोज पाठक ने छात्र/छात्राओं को पर्यावरण सुरक्षा के प्रति समाज में जागरूकता लाने की बात कही तथा अधिक से अधिक पौधों के रोपण व उनकी सुरक्षा करने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में कुल 65 से अधिक छात्र / छात्राएं उपस्थित रहीं । पर्यावरण दिवस के अवसर पर अधिष्ठाता कृषि संकाय डा. धिरेन्द्र खरे, संचालक अनुसंधान सेवाएं , डा. जी के कोटू, संचालक शिक्षण डा. अभिषेक शुक्ला, अधिष्ठाता छात्र कल्याण डा. अमित शर्मा, आई.पी आर ओ डा.एस बघेल सहित एन. एस एस को-आर्डिनेटर डा ए के सराठे ने सभी को बधाई व शुभ कामनाएं दीं।

## रेलवे एलडीसीईई परीक्षा में बड़ा घोटाला

# एक ही प्रश्न के 2 उत्तर सही, 3 बार परिवर्तित की मास्टर आंसर




**यशभारत एक्सक्लूसिव**

जबलपुर, यशभारत। पश्चिम मध्य रेलवे की ओर से विभागीय अधिकारों के प्रमोशन के लिए लिए जाने वाली परीक्षा एलडीसीईई में बड़ा घोटला सामने आया है। जिसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि वैकल्पिक प्रश्न पत्र की मास्टर आंसर की अभी तक तीन बार डिस्पले की जा चुकी है। जिसके बाद लगता है कि दाल में कुछ काला नहीं बल्कि पूरी की पूरी दाल ही काली है। जानकारी अनुसार पश्चिम मध्य रेलवे की सहायक संकेत एवं दूर संचार परीक्षा 2021 का ऑब्जेक्टिव प्रश्न पत्र 19 दिसंबर 2021 को जबलपुर में प्रतिभागी विभागीय कर्मचारियों ने दिया। जिसमें 7 पद हैं। रेलवे बोर्ड के नियमों के चलते इसकी पहली मास्टर आंसर की, जिसमें प्रश्न के सही उत्तर 30 दिसंबर 2021 को प्रकाशित की गई। जिसमें महज 6 कर्मचारी सफल रहे। जो दूर संचार विभाग के थे। विभागीय कर्मचारियों ने इस परीक्षा को लेकर अनेक आपत्तियां दर्ज की हैं।

### ऐसे हुआ पूरा खेल

जानकारी अनुसार जब परीक्षा को लेकर कर्मचारियों ने आवाज उठाई ओर विभाग की पोल खुल गयी तो पूरे मामले में पर्दा डालने के लिए 17 जनवरी 2022 को आंसर की परिवर्तित कर डिस्प्ले की गई। इसके बाद कुछ लोगों को पास करने के लिए एक बार फिर से 24 अप्रेल 2022 को फिर आंसर की परिवर्तित की गई। जिसमें 4 कर्मचारी जोड़े गए।

### पूरे मामले पर एक नजर....

जानकारी अनुसार इस परीक्षा की सबसे प्रमुख बात यह रहीं कि अपनों को रेवड़ियां बांटने के चक्कर में आंसर की जारी करने वाले जिम्मेदार अधिकारी यह तक भूल गए कि एक ही प्रश्न के दो सही उत्तर नहीं हो सकते है। 24 अप्रैल 2022 को जो आंसर की परिवर्तित की गई उसमें प्रश्न क्रमांक 59 एवं 91 ऑब्जेक्टिव आंसर में से चार वैकल्पिक उत्तर से दो उत्तर सही रखे गए। जो नियमानुसार ना तो सही और ना ही तर्क संगत है। क्योंकि प्रत्येक प्रश्न का केवल एक ही उत्तर होता है। प्रश्न क्रमांक 59 के लिए सही उत्तर ए और बी एवं प्रश्न क्रमांक 91 के लिए दो सही उत्तर बी और सी रखे गए। इस प्रकार दोनों प्रश्नें को सही बताकर अपने चहेतों को पास किया गया। इतना ही नहीं प्रश्न क्रमांक 94 - एम में रेलवे में किसी भी कर्मचारी को पेंशन हेतु रिटायरमेंट 20 साल से घटाकर 10 साल किया गया। जो तीसरी जारी मास्टर की में बदल दिया गया। इस प्रकार अपने चहेतों को पास कराने वस्तुनिष्ठ प्रश्नपत्र 10जून को रखा गया है। नए कैंडीडेट्स 24 मई 2022 को पास किया गया। उनको नियमावली के मुताबिक एक महिने पश्चात ही परीक्षा लेना चाहिए परंतु 10 जून 2022 को परीक्षा घोषित कर, एक माह का समय नहीं दिया गया। एससीएसटी ट्रंनिंग नियमानुसार वस्तुनिष्ठ पेपर हेतु नहीं दिया गया है। इस संबंध में यशभारत ने प्रमुख कार्मिक अधिकारी से बात करने की कोशिश की। लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो सका।




# डा. जे.एस. मिश्र को प्रतिष्ठित नास फैलोशिप अवार्ड

जबलपुर। राष्ट्रीय कृषि विज्ञान अकादमी, नई दिल्ली द्वारा संरक्षित कृषि और खरपतवार प्रबंधन पर अनुसंधान हेतु भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् के खरपतवार अनुसंधान निदेषालय के निदेशक डॉ.जेएस मिश्र को संरक्षित कृषि और खरपतवार प्रबंधन पर अनुसंधान में उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए राष्टीय कृषि विज्ञान अकादमी, नई दिल्ली ने अपनी प्रतिष्ठित फैलोशिप प्रदान की। नास फैलो शिप अवार्ड नई दिल्ली मे` आयोजित अकादमी की 29वीं वार्षिक आम सभा बैठक के दौरान अकादमी के अध्यक्ष और सचिव डेयर और महानिदेशक, भाकृअनुप डॉ. त्रिलोचन महापात्रा द्वारा 5 ज ून 2022 को प्रदान की गई। पूर्व में भी डॉ.मिश्र को विभिन्न अनुसंधानों में उनके महत्वपूर्ण `योगदान के लिए अनेक राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय सम्मान प्राप्त हो चुके` हैं।

# पिता को शराब पीने मना किया तो लगा ली फांसी

**खेत में खोजते हुए पेड से लटका मिला शव**

जबलपुर, यशभारत। भेड़ाघाट के ग्राम पिण्डरई में बेटे ने शराब पीने से मना करते हुए समझाईश दी। लेकिन यह बात शराबी पिता को उतनी चुभी कि उससे खेत में जाकर पेड से फंदा डालकर, फांसी लगा ली। जब बहुत देर तक गुस्से में घर से निकले पिता वापस नहीं आए तो बेटे ने खेत जाकर देखा, जहां पिता को फंदे पर झूलता हुआ देखकर स्तब्ध रह गया। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर, मामला जांच में लिया है। जानकारी अनुसार विनीत लोधी 25 वर्ष निवासी ग्राम पिण्डरई ने सूचना दी कि उसके पिता विशाल सिंह लोधी बाहर से अत्याधिक शराब पीकर घर आकर घर में लड़ाई झगड़ा विवाद करने लगे, जो समझाने पर खेत तरफ चले गये थे । पिता काफी देर तक नहीं लौटे तो पिता की तलाश करने पर खेत गया जहां पर देखा कि खेत में लगे बिही के पेड़ में रस्सी बांधकर पिता विशाल सिंह लोधी 56 वर्ष फांसी पर लटके हुये थे, जिनकी मृत्यु हो चुकी थी। सूचना पर पंचनामा कार्यवाही कर शव को पीएम हेतु भिजवाते हुये मर्ग कायम कर जांच में लिया गया।

## पंचायत चुनाव में नामांकन दाखिल की अंतिम तिथि आज : फार्म भरने लगा जमावड़ा

जबलपुर, यशभारत। त्रि-स्तरीय पंचायतों के निर्वाचन के घोषित कार्यक्रम के अनुसार आज पंच, सरपंच, जिला पंचायत सदस्य, जनपद पंचायत सदस्य का चुनाव लड़ने के इच्छुक अभ्यर्थियों के लिए नाम निर्देशन पत्र जमा करने का अंतिम दिन हैं। नाम निर्देशन पत्र सुबह 10.30 बजे से दोपहर 3 बजे तक संबंधित रिटर्निंग अधिकारी व कलस्टर सहायक रिटनिंग अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किये गए। उप जिला निर्वाचन अधिकारी व अपर कलेक्टर नम: शिवाय अरजरिया के मुताबिक नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत करने की समयावधि बीत जाने के बाद प्राप्त नाम निर्देशन पत्रों की समीक्षा 7 जून को सुबह 10.30 बजे से की जायेगी। 10 जून को दोपहर 3 बजे तक उम्मीदवारी से नाम वापस लिये जा सकेंगे। नाम वापसी की समय सीमा समाप्त होने के तुरंत बाद चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों की सूची तैयार की जायेगी। प्रतीक चिन्हों का आवंटन होगा।

# एसपी सिद्धार्थ बहुगुणा ने चार थानों का किया निरीक्षण

## कहा- देर रात परिवहन करने वाले वाहन चालकों का नोट करें मोबाइल नंबर, आईडी

जबलपुर, यशभारत। एसपी सिद्धार्थ बहुगुणा ने देर रात से अल सुबह तक थाना सिहोरा, खितौला, गोसलपुर क्षेत्रों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरार श्री बहुगुणा ने निर्देशित किया है कि रात में गश्त के दौरान वाहन चालकों के मोबाइल नंबर और आईडी की फोटो खींचकर कम्प्यूटर में गश्त से वापसी पर इंट्री करवायें। थाना प्रभारी सिहोरा गिरीश धुर्वे, थाना प्रभारी खितौला श्रीमति जगोतिन मसराम, थाना प्रभारी गोसलपुर प्रशिक्षु (भा.पु.से.) शशांक की उपस्थिति में थाने के हवालात का बारीकी से निरीक्षण करते हुये हवालात सुरक्षा सम्बंधी आवश्यक दिशा निर्देश देते हुये थाना में रखवाये गये आगंतुक रजिस्टर के साथ ग्राम अपराध पुस्तिका, एमएलसी रजिस्टर, अपराध रजिस्टर में नियमानुसार थाना प्रभारी द्वारा प्रविष्टियां की एवं कराई गई हैं कि नहीं , चैक किया एवं लंबित सीएम हेल्प लाईन की शिकायतों के संबंध में चर्चा करते हुये लंबित सी.एम. हैल्प लाईन की शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित संतुष्टीप्रद निकाल हेतु आदेशित किया गया। आगामी दिनों में होने वाले पंचायत एवं नगर पालिका के चुनाव को दृष्टिगत रखते हुये आदर्श आचरण संहिता लागू है लायसेंस धारियों के लायसेंस निरस्त कर दिये गये हैं थाना क्षेत्र के जिन लायसेंस धारियों के लायसेंस अभी तक जमा नही कराये गये हैं 2 दिवस में सत प्रतिशत जमा करायें, ग्राम पंचायत के बूथ जहां मतदान होना है संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों के साथ संयुक्त रूप से भ्रमण करते हुये जो भी कमियां हैं उसे दुरूस्त करायें, आसामाजिक तत्वों, गुण्डे बदमाशों के विरूद्ध उनके आपराधिक रिकार्ड को दृष्टिगत रखते हुये प्रभावी प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करें। साथ ही गस्त पर गए कर्मियों को कॉल कर बुलाया गया एंव निर्देशित किया गया कि रात्रि में प्रभावी गस्त करते हुये गस्त के दौरान टू व्हीलर एवं फोर व्हीलर वाहनों से देर रात जा रहे कम से कम 10-10 का नाम पता पूछताछ करते हुये रजिस्ट्रर में नोट करते हुये मोबाईल पर उस व्यक्ति का एवं जो भी पास में पहचान पत्र रखा है उसकी फोटो लेते हुये थाने के कम्प्यूटर में गशत से वापसी पर इंट्री करवायें।



# हरे भरे पौधों को बचाने , संरक्षित रखने स्मार्ट सिटी की पहल सराहनीय

**वायु प्रदूषण, प्लास्टिक प्रदूषण और ग्लोबल वार्मिंग जैसी समस्याओं से बचाने स्मार्ट सिटी के अनेक प्रयास**

जबलपुर। स्मार्ट सिटी जबलपुर द्वारा कलेक्टर डॉ. इलैया राजा टी, निगमायुक्त आशीष वशिष्ठ के मार्गदर्शन और स्मार्ट सिटी के सी.ई.ओ. श्रीमती निधि सिंह राजपूत की सतत् निगरानी और प्रयास के कारण पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अनेकों प्रयास किये गए हैं। स्मार्ट सिटी के प्रयासों के तहत् ही जिन-जिन क्षेत्रों में अद्योसंरचना एवं विकास के कार्य कराये जा रहे हैं उन क्षेत्रों में हरियाली को प्रमुखता देते हुए पौधों का संरक्षण किया गया है। स्मार्ट सिटी के इस पहल के लिए लोगों ने सराहना की है और इस संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा आज विश्वपर्यावरण दिवस के अवसर पर कहा गया है कि वायु प्रदूषण, प्लास्टिक प्रदूषण, ग्लोबल वार्मिंग जैसी समस्या से बचाने के अनेको प्रयास किये जा रहे है। स्मार्ट सिटी द्वारा जहाँ एक ओर मदन महल पहाड़ी को उसके पुराने रूप मे लाने के लिए 20 हजार से अधिक पौधे लगाये गये है, तो वही दूसरी तरफ जिन-जिन स्थानों में सड़कों का निर्माण किया जा रहा वहाँ पर इस बात का ध्यान रखा जा रहा है कि बड़े-बड़े वृक्षों को न काटा जाए, इस हेतु गोलबाजार सड़क निर्माण कार्य में प्रस्तावित सड़क के सेंक्शन एवं इसका एलाईजमेंट एम बदलाव कर शहीद स्मारक के चारों ओर की सड़क में 23 एवं इससे जुड़ने वाले मार्गो में महाराष्ट्र स्कूल मार्ग एवं स्थापन मार्गद में 19 पेड़ों को बचाया गया है। स्मार्ट सिटी द्वारा जगह वाटर हार्वेस्टिंग भी की गई। बिजली उत्पादन के लिए सोलर सिस्टम भी लगाया गया है। आज विश्व पर्यावरण के अवसर पर स्मार्ट सिटी जबलपुर द्वारा यह संकल्प भी लिया जा रहा है की पर्यावरण को बचाये रखने के लिए हर संभव प्रयास करेगी।



गैलेक्सी
मध्य भारत का तेजी से उभरता हुआ, सर्वप्रथम होलीस्टिक हॉस्पिटल
सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
आयुष्मान एवं सभी प्रकार के टीपीए की सुविधा
आर्यरा
AaryAra (illuminate AspiratioN)
उखरी तिराहा, विजय नगर, जबलपुर (मप्र)-482003
0761-4017010, 4027010, 2647010 Helpline 881983000,7777877708
galaxyhospitaljbpweb@gmail.com, galaxyhospitaljbp2020@gmail.com www.galaxyhospitaljbp.com

आपका शैल्बी, आपका हेल्थ पार्टनर
अधिक जानकारी व अपॉइंटमेंट हेतु संपर्क : +91 95758 01200
28 YEARS OF EXPERT HEALTHCARE
SHALBY MULTI-SPECIALTY HOSPITALS
In association with SMJ Trust
शैल्बी हॉस्पिटल्स
प्लाट नं. 5, अहिंसा चौक, विजय नगर, जबलपुर (म.प्र.)
24/7 Emergency & Pharmacy
Emergency No. 95758 01020
www.shalby.org




**भोपाल।** उपभोक्ताओं को आंकलित खपत के बिजली दिए गए तो संबंधित क्षेत्रों के बिजली अधिकारियों पर कार्रवाई होगी। ऐसा इसलिए, क्योंकि सीएम हेल्पलाइन व अन्य माध्यमों से सरकार के पास औसत बिजली खपत के बिल दिए जाने संबंधी शिकायतें पहुंच रही है। शिकायत करने वाले उपभोक्ताओं का दावा है कि उन्होंने बिजली का कम उपयोग किया है लेकिन उन्हें अधिक राशि के

# उपभोक्ताओं को आंकलित खपत के बिजली बिल दिए तो नपेंगे अधिकारी

बिल दे दिए हैं। इसके बाद ही ऊर्जा विभाग के प्रमुख सचिव ने मध्य क्षेत्र समेत तीनों बिजली वितरण कंपनियों के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि किसी भी उपभोक्ता को आंकलित खपत के बिजली बिल न दिए जाएं। इसका फायदा उपभोक्ताओं को होगा। उन्हें वास्तविक खपत के ही बिजली बिल दिए जाएंगे।

### ये भी निर्देश दिए

आंकलित खपत आधारित बिजली बिलों को बंद किया जाए। मीटर आधारित खपत के आधार पर ही बिजली बिल जारी किए जाएं। उपभोक्ताओं का मीटर वाचन शुद्धता के साथ कर फोटो मीटर रीडिंग आधारित प्रक्रिया के तहत मिलान किया जाए। फिर बिल जारी किए जाएं। उपभोक्ता सूचकांक को शत-प्रतिशत करने के निर्देश दिए। सूचकांक के फायदे बताएं। भोपाल शहर सहित कंपनी कार्यक्षेत्र के बिजली चोरी बहुल इलाकों में विशेष चेकिंग अभियान चलाएं। ट्रिपिंग कम से कम हो, आंधी-तूफान में बिजली गुल होने पर कम से कम समय में ठीक करें। नए कनेक्शन देने में देरी न की जाए, जो उपभोक्ता लगातार बिल नहीं चुका रहे हैं, उन्हें कार्रवाई के दायरे में लिया जाए।

### राजस्व वसूली पर ध्यान दें

इधर, मध्य क्षेत्र बिजली कंपनी के प्रबंध संचालक गणेश शंकर मिश्रा ने निर्देश दिए हैं कि राजस्व वसूली का काम लगातार जारी रखें, ताकि उपभोक्ताओं को दी जाने वाली सुविधाओं में कोई कमी न आने दी जाए। खासकर, जिन उपभोक्ताओं पर करोड़ों रुपये बकाया है, उन्हें कार्रवाई के दायरे में लाया जाएगा।

# कॉलेज की मान्यता खतरे में

## नर्सिंग कॉलेज के प्राचार्य और उप प्राचार्य के लिए नहीं मिल रहे दावेदार

**44 पदों के लिए 95 आवेदन आए हैं। दस्तावेजों की जांच के बाद योग्य उम्मीदवारों को साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा।**


**भोपाल।** गांधी मेडिकल कालेज (जीएमएसी) के नर्सिंग कालेज में बीएससी नर्सिंग की कुछ सीटों पर प्रवेश पर इंडियन नर्सिंग काउंसिल की तरफ से रोक लगाई जा सकती है। इसकी वजह यह कि यहां पर फैकल्टी के 83 पदों में 44 खाली हैं। इन पदों को भरने के लिए उम्मीदवार नहीं नहीं मिल पा रहे हैं। 10 दिन के भीतर दूसरी बार भर्ती प्रक्रिया शुरू की गई है। 44 पदों के लिए 95 आवेदन आए हैं। अब देखना यह है कि दस्तावेजों की जांच के बाद उम्मीदवारों को साक्षात्कार के योग्य पाया जाता है। बता दें कि मापदंड के अनुसार फैकल्टी नहीं होने की वजह से इंडियन नर्सिंग काउंसिल ने बीएससी नर्सिंग की 110 सीटों पर प्रवेश की मान्यता देने से मना कर दिया था। इसके बाद पिछले महीने फैकल्टी के 83 पदों पर भर्ती शुरू की गई। इनमें 40 पद भर गए हैं। प्राचार्य और उप प्राचार्य विभिन्न् स्तर पर फैकल्टी के खाली पदों पर फिर से भर्ती प्रक्रिया चल रही है। इसके लिए सिर्फ जीएमएसी में कार्यरत नर्सिंग स्टाफ से आवेदन मांगे गए थे। दूसरे दौर में भी प्राचार्य और उप प्राचार्य पद की योग्यता के अनुरूप उम्मीदवार नहीं मिले हैं। बता दें कि पहली बार की भर्ती में गांधी मेडिकल कॉलेज से संबद्ध हमीदिया और सुल्तानिया अस्पताल के नर्सिंग कर्मचारियों ने विभिन्न पदों के लिए आवेदन किया था। इसमें कुछ कर्मचारियों ने आरोप लगाया था कि साक्षात्कार के लिए उम्मीदवारों के चयन में गड़बड़ी की गई है। परिवीक्षा अवधि वाले नर्सिंग कर्मचारियों को




भी साक्षात्कार के लिए बुलाया गया है। वहीं कुछ नर्सिंग स्टाफ ऐसे भी थे जिनकी नौकरी 16 साल की हो गई है लेकिन उन्हें पात्र नहीं माना गया था। इसको लेकर 2 दिन हंगामा चला था। गांधी मेडिकल कॉलेज के अधिष्ठाता डॉ अरविंद राय ने बताया कि इन पदों पर भर्तियां फिलहाल अस्थाई की जा रही है, जिससे कि नर्सिंग कॉलेज की मान्यता पर कोई खतरा नहीं आए। बाद में स्थाई भर्ती के लिए फिर से विज्ञापन जारी किए जाएंगे। इसी तरह से आवेदन प्रक्रिया होगी। उन्होंने बताया कि खाली पदों को भर लिया जाएगा। कॉलेज की मान्यता में कोई अड़चन नहीं आने वाली है।

# एमपी पीएसएसी की प्रारंभिक परीक्षा 19 जून को आयोजित होगी

## 52 जिला मुख्यालयों में करीब 1,000 केंद्र बनाए जाएंगे, दो पालियों में आयोजित होगी राज्य सेवा एवं वन सेवा



**भोपाल।** मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग (एमपी पीएसएसी) की राज्य सेवा एवं वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा- 2021 19 जून को आयोजित की जाएगी। इसके लिए दस जून को एडमिट कार्ड एमपीपीएससी की वेबसाइट पर जारी किए जाएंगे। यह परीक्षा दो पाली में आयोजित होगी। इसको लेकर आयोग ने नई सूचना जारी कर दी है। आयोग द्वारा जारी शुद्धि पत्र के अनुसार प्रदेश के सभी जिला एवं संभागीय मुख्यालयों में आयोजित इस परीक्षा की पहली पाली में सुबह 10ः00 बजे से सामान्य अध्ययन का पेपर होगा। वहीं दूसरी पाली में दोपहर 2ः15 बजे से सामान्य अभिरुचि परीक्षा का होगा। अधिक जानकारी के लिए उम्मीदवार अधिकारिक वेबसाइट पर जाकर जानकारी ले सकते है। उम्मीदवार केवल आफिशियल वेबसाइट से ही अपने प्रवेश पत्र डाउनलोड करें। बता दें, की मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा विभिन्न विभागों के प्रशासनिक पदों पर भर्ती के लिए राज्य सेवा परीक्षा 2021 का विज्ञापन 22 दिसंबर 2021 को जारी किया गया था। वहीं राज्य वन सेवा परीक्षा के लिए विज्ञापन 22 दिसंबर 2021 को आयोग की वेबसाइट पर जारी किया गया था। इसके लिए 283 पदों पर भर्ती होनी है और विज्ञापन की सारी शर्तें पहले जैसे ही रहेगी।283 पदों के लिए 3.55 लाख उम्मीदवारों ने आवेदन किए हैंमप्र राज्य सेवा परीक्षा 2021 में 283 पदों के लिए 3.55 लाख उम्मीदवारों ने आवेदन किया है। इसमें 91 पद अलग-अलग वर्गों के लिए आरक्षित हैं। राज्य सेवा की इसी महीने आयोजित होने वाली प्रारंभिक परीक्षा के लिए 52 जिला मुख्यालयों में करीब एक हजार केंद्र बनाए जाएंगे। मुख्य परीक्षा अलग-अलग तिथियों पर आयोजित की जाएगी। राज्य सेवा 2021 मुख्य परीक्षा 24 नवंबर से 29 नवंबर 2022 और राज्य वन सेवा 2021 मुख्य परीक्षा 4 दिसंबर 2022 को आयोजित की जाएगी।

# थाने के पास हुई कवर्ड कैंपस में दस लाख की चोरी, चार दिन बाद नहीं लगा सुराग

**भोपाल।** शाहपुरा थाने के पास स्थित कवर्ड कैंपस पार्श्व पैवेलियन में एक मकान में चार दिन पहले हुई करीब दस लाख का सुराग नहीं लग पाया है। पुलिस ने घटना के बाद एफआईआर दर्ज करने के बाद हाथ पर हाथ रखे बैठी है। जबकि पुलिस को सीसीटीवी तक उपलब्ध करवा दिया है। आरोपित मजदूर लग रहा है, जो कालोनी में काम करने के दौरान रैकी कर वारदात करने की आशंका जता रही है,लेकिन पुलिस अभी तक उस आरोपित की पहचान नहीं कर पाई है। बता दें कि 30 वर्षीय संदीप पाठक टोल प्लाजा पर पावर आपूर्ति का काम करते हैं। संदीप पाठक ने बताया कि वह मंगलवार. बुधवार की रात सोने चला गया था।सुबह दस बजे के करीब सोकर जागा तो देखा कि रेसाई का दरवाजा बंद नहीं होता था। वह लटका हुआ था।उसी तरफ से कोई अज्ञात चोर दरवाजा खोलकर अंदर आया और पहली मंजिल के कमरे में अलमारी में रखे बैग से ढाई लाख रुपये नकद और तीस सालों से उपहार और खरीदे गए जेवरात मिलाकर करीब दस लाख का सामान चोरी हो चुका था। शिकायत करने के दौरान भी पुलिस ने इसकी शिकायत पर तत्काल कार्रवाई की वजह उसे थाने में गलत शब्दों का प्रयोग किया था। शाहपुरा इलाके में इन दिनों में अधिक चोरियों हो रही है। चार दिन में 12 चोरियों की एफआइआर थाने में दर्ज हो चुकी है। किसी भी चोरी की वारदात का अभी तक पता नहीं चल पाया है। कई लोगों ने बढ़ती चोरियों को लेकर आला अधिकारियों को शिकायत की है,लेकिन पुलिस के आला अधिकारियों के कहने के बाद इलाके में रात में पुलिस गश्त तक नहीं बढ़ाई गई है। पुलिस उपायुक्त साइ कृष्ण ने बताया कि पुलिस जल्द से जल्द चोरियों का खुलासा करेगी।

# खेलों इंडिया में ताल ठोकने के लिए मप्र की जूडो टीम हरियाणा रवाना होगी

## मप्र के दल में कुल 10 खिलाड़ी है स्पर्धा सात से13 जून तक आयोजित होंगे

**भोपाल ।** हरियाण के पंचकुला में सात से 13 जून तक आयोजित हो रही खेलों इंडिया जूडो प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए मप्र का दस सदस्यीय दल सोमवार को रानी कमलापति रेलवे स्टेशन से रवाना हो रहा है। मप्र जूडो अकादम की कोच कोच गीतिका पंत और गुना के गौरव टीम के साथ जा रहे हे। उल?लेखनीय है कि इस चैंपियनशिप के लिए मप्र के इन खिलाड़ियों ने जोरदार अभ?यास किया है। कोच गीतिका पंत ने बताया कि हमारे खिलाड़ियों ने जोरदार अभ्यास किया है। हमारे सभी खिलाड़ी पदक के दावेदार है। खेलो इंडिया बहुत बड़ा मंच है, उम्मीद है हमारे खिलाड़ी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर प्रदेश को दिलाने में कामयाब हो। हमारी अकादमी में मिल रही सुविधाओं से खिलाड़ियों का स्तर सुधरा है।

मप्र टीम इस प्रकार है

पायल पाटिल बालिका 40 किग्रा, निधि यादव बालिका 48 किग्रा, भूमिका कारपेंटर बालिका 52 किग्रा, पवित्रा भटेले बालिका 63 किग्रा, राहुल गौड बालक 50 किग्रा, गोविंद भदौरिया बालक 66 किग्रा, कुशाग्र राजपूत बालक 73 क्रिग्रा, शिखर कौरव बालक 81 किग्रा, गगन पवार बालक 81 किग्रा ताविश पोरवाल बालक 63 किग्रा

# अश्विन दास के दोहरे प्रदर्शन से चंद्रशेखर आजाद हाउस ने खिताब जीता

**भोपाल ।** अरेरा प्रीमियर लीग इंटर हाउस क्रिकेट प्रतियोगिता के सीनियर (19 वर्ष से अधिक )ग्रुप में चंद्रशेखर आजाद हाउस ने भगत सिंह हाउस को आठ विकेट से पराजित कर जीत लिया है। खिताबी मुकाबले में अश्विन दास ने शानदार 148 रनों की शतकीय पारी खेली व चार विकेट भी झटके। स्थानीय ओल्ड कैंपियन मैदान पर खेले गए फाइनल मुकाबले में भगत सिंह हाउस ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 225 रन का स?कोर खड़ा किया। इसमें कप्तान विकास परमार ने 41 रन, उप कप्तान अमित सिंह ने 61 रन, आशुतोष गिरी ने 29 रन और अक्षत बाजपेयी ने ताबड़तोड़ 47 रन की पारी खेली। आजाद हाउस के अश्विन दास ने चार, चेतन वारकड़ ने तीन, द्रोण श्रीवास्तव ने दो और प्रतीक शुक्ला ने एक विकेट लिए। जीत के लिए 226 रनों का लक्ष्य चंद्रशेखर आजाद हाउस ने 8 विकेट खोकर प्राप्त कर लिया। कप्तान अश्विन दास ने जिम्मेदारी से बल्लेबाजी करते हुए नाबाद 148 रन, अदम्य पचोरी ने 24 और चेतन ने 15 रन की पारी खेली।

# परिवहन के साथ होगा जल संरक्षण

**भोपाल।** भोपाल और इंदौर में मेट्रो रेल के साथ हर साल 20 लाख लीटर बरसात के पानी की बचत होगी। इसके लिए एलीवेटेड ट्रैक के नीचे रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाए जा रहे हैं। गर्डर पर बारिश का जितना पानी आएगा वह पाइप के जरिए भूगर्भ में जाएगा। बतादें कि पहले चरण में एम्स से सुभाष नगर तक प्रायरिटी कारिडोर में वाटर हार्वेस्टिंग तकनीकी का इस्तेमाल किया जा रहा है। सात किलोमीटर के ट्रैक के साथ इनके बीच बनने वाले आठ स्टेशनों में बरसात के पानी को सीधे भूगर्भ में पहुंचाने के लिए पाइप लाइन डाली जा रही है। मप्र मेट्रो रेल के अधिकारियों ने बताया कि प्रायरिटी कारिडोर में 226 पिलर बनना है। इनके बीच की दूरी 31 से 34 मीटर के बीच है। एक पिलर को छोड़कर यानि कि 65 से 70 मीटर की दूरी पर रेन वाटर हार्वेस्टिंग के लिए पाइप डाली जाएगी। इन पाइपों के सहारे पानी नीचे उतरकर ढाई मीटर की मिडियन में जाएगा। यहां कारिडोर के नीचे पानी के लिए रिर्चाज वेल होगा, जो पानी को साफ कर ग्राउंड लेवल में पहुंचाएगा। मेट्रो स्टेशनों और डिपो में बनने वाले पिट आयताकार होंगे जबकि एलीवेटेड रूट के नीचे बनने वाले पिट गोलाकार होंगे।

### 500 लोगों के साल भर के जरुरत का पानी होगा भंडारित

राजधानी में आगामी पांच सालों में 31 किलोमीटर की दूरी पर मेट्रो चलाने की योजना है। इससे लाखों लीटर पानी की बचत होगी। यह पानी 500 लोगों के सालभर खर्च के




बराबर होगा। हालांकि इस पानी का इस्तेमाल पीने व अन्य खर्च के लिए नहीं किया जाएगा। इसका उद्देश्य शहर के ग्राउंड लेवल को बढ़ाना है।

### पानी बचाने के लिए शौचालय में लगाए जाएंगे सेंसर

मेट्रो रेल के स्टेशनों में बनने वाले शौचालयों व वाश बेसिन में पानी बर्बाद ना हो। इसके लिए नलों में सेंसर लगाए जाएंगे। यूरिनल में भी सेंसर लगे होंगे, यहां स्वचालित तंत्र के जरिए नल का पानी नियंत्रित होगा। मेट्रो स्टेशनों में सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट भी लगाया जाएगा। सीवेज के पानी को शोधित करके उसे दोबारा प्रयोग किया जा सकेगा। इस पानी का उपयोग धुलाई व पेड़ों की सिंचाई के लिए किया जाएगा। पानी की खपत पर निगरानी रखने के लिए वाटर मीटर लगाए जाएंगे। भोपाल और इंदौर मेट्रो में बारिश की हर बूंद को सहेजने के लिए रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाया जा रहा है। इससे बारिश में ट्रैक पर जो भी पानी गिरेगा। पाइप के माध्यम से वह पिलर से नीचे आएगा और फिर समीप बने रिचार्ज वेल में पहुंचेगा। इससे आसपास के क्षेत्रों में भूगर्भ जलस्तर बढ़ाने में भी मदद मिलेगी।

# नगरीय निकाय चुनाव में आचार संहिता उल्लंघन की पहली शिकायत दर्ज




**इंदौर।** नगर निगम चुनाव में करीब महीनाभर बाकी है और उम्मीदवारों के ऐलान का इंतज़ार किया जा रहा है। चुनावी माहौल नज़र आने से पहले अचार संहिता उल्लंघन के आरोप लगने लगे हैं। आने वाने निगम चुनाव से पहले इंदौर में आचार संहिता उल्लंघन की पहली शिकायत कांग्रेस की और से दर्ज हुई है। नगर निगम के अधिकारियों पर ही आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के आरोप लगे हैं। कांग्रेस ने शिकायत की है कि निगम अधिकारियों द्वारा आचार संहिता लागू होने के बाद भी भाजपा के पक्ष में माहौल बनाने का प्रयास किया जा रहा है। सरकारी खर्च से भाजपा की केंद्र सरकार एंव मुख्यमंत्री का प्रचार प्रसार पोस्टर लगाकर किया जा रहा हैं। कांग्रेस के प्रदेश सचिव राकेश सिंह यादव ने शिकायत दर्ज कराई है।शिकायत क्रमांक-04/ दिनांक 6/06/22 में उक्त आरोप लगाए गए हैं। यादव ने कहा कि आचार संहिता लागू होने के पांच दिन बाद भी नगर निगम के अधिकारियों ने मुख्य मार्गों के यूनीपोल पर लगे भाजपा के होर्डिंग नहीं हटाये हैं। राजकुमार ब्रिज यादव ने निर्वाचन आयोग को शिकायत दर्ज कराकर संबंधित ज़िम्मेदार अधिकारी के खिलाफ आदर्श आचार संहिता उल्लंघन का मामला दर्ज करने के की मांग की है। साथ ही निगम के अधिकारियों की सूची भी आयोग को दी है। सूची में ऐसे तमाम अधिकारियों के नाम दर्ज है जो इंदौर में 10 साल या अधिक समय से पदस्थ हैं। इन सभी के तबादले की मांग भी की गई है।

# कोलार तो कभी नर्मदा पाइपलाइन में आ जाती है खराबी

## पाइप लाइन में लीकेज से रोज बह रहा लाखों लीटर पानी! निगम अधिकारियों की लापरवाही से परेशान हो रहे रहवासी

**भोपाल।** राजधानी में हर दूसरे दिन पाइप लाइनों में लीकेज हो रहा है, इससे प्रतिदिन लाखों की लीटर पानी की बर्बादी हो रही है। बीते गुरुवार जोन-13 के अंतर्गत बावड़िया ब्रिज के पास स्कोडा शोरुम के सामने पाइप लाइन की लीकेज से दो दिन तक लाखों लीटर पानी बहता रहा। इसके बाद यहां छह इंच लाइन के लीकेज को सुधारने के लिए नगर निगम ने बिना लाइन बंद किए ही काम शुरू कर दिया। इससे पूरी सड़क तालाब बन गई। इसमें भी लाखों लीटर पानी बर्बाद हो गया। नगर निगम ने पूरे पांच साल में कोलार ग्रेविटी और फीडर पाइप ही बदल दी। लेकिन इसके बाद भी परेशानी खत्म नहीं हुई। हाल ही में राजधानी की 10 लाख आबादी पूरे सात दिन तक पानी के लिए परेशान होती रही। हालांकि अब नई पाइप लाइन से जलापूर्ति की जा रही है। फिर भी लोगों की परेशानी अब भी कम नहीं हुई। इन लीकेज की वजह लोगों को पर्याप्त पानी नहीं मिलता। इनके मरम्मत करने में ही दो से तीन दिन तक संबंधित इलाकों की आपूर्ति बंद कर दी जाती है। जबकि लीकेज होने से घरों में पानी का प्रेशर कम आता है। राजधानी के आधे हिस्से को पानी पिलाने के लिए नई कोलार ग्रेविटी 20 किमी और फीडर पाइप लाइन 60 किमी की है। इसका काम साल 2017 से चल रहा था, जो बीते महीने ही पूरा हुआ है। लेकिन नई पाइप लाइन में भी लीकेज की आए दिन से शिकायतें आ रही हैं। इससे पानी की आपूर्ति बाधित होती है। अमृत योजना के तहत शहर में नई पाइप लाइन बिछाने के लिए 136 करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं।

# प्रदूषण पर 24 घंटे नजर रखेंगे स्वचालित स्टेशन

## लोगों को जगह-जगह इलेक्ट्रानिक डिस्प्ले पर आसानी से पता चल सकेगा प्रदूषण का स्तर!

**भोपाल।** जल, वायु व ध्वनि प्रदूषण के स्तर पर 24 घंटे नजर रखने की जरूरत है, क्योंकि तीनों तरह के प्रदूषण स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा पैदा करते हैं। मप्र सरकार प्रदूषण के स्तर पर नजर रखने के लिए आधुनिक तकनीक की मदद ले रही है। भोपाल समेत प्रदेश के मुख्य शहरों में वायु प्रदूषण के स्तर की जांच के लिए आधुनिक स्टेशन चल रहे हैं। ध्वनि प्रदूषण के स्तर को जांचने के लिए भोपाल के पर्यावरण परिसर, बैरागढ़ और गोविंदपुरा में स्टेशन स्थापित हो चुके हैं, जो काम करने लगे हैं। यह प्रदेश के किसी भी शहर में लगाए गए ध्वनि प्रदूषण की जांच करने वाले पहले स्टेशन हैं। पानी की जांच करने के लिए नर्मदापुरम के सेठानी घाट व उज्जैन में एक आधुनिक स्टेशन लगाया गया है! इसमें से नर्मदापुरम में लगाया गया स्टेशन तो काम भी करने लगा है। ये सभी सेंसर आधारित तकनीक पर काम करते हैं और 24 घंटे प्रदूषण को रिकार्ड कर रिपोर्ट तैयार करते हैं। ये सभी स्वचालित स्टेशन हैं।

### यह है भविष्य की योजना

अगले दो वर्षों में इन स्टेशनों की संख्या बढ़ाने की योजना है। महानगरों के भीड़भाड़ वाले चौराहे, इलाकों में वायु व ध्वनि प्रदूषण को मापने के लिए स्टेशनों को लगाया जाएगा। शहरों के किनारे नदी-तालाबों में भी पानी की गुणवत्ता मापने वाले उपकरण लगाए जाएंगे। इसके चलते नदियों, सरोवर का जल उपयोग करने एवं स्नान करने वालों को जल की गुणवत?ता और प्रदूषण की तात्कालिक स्थिति पता चल सकेगी।

### भोपाल में 24 घंटे ध्वनि प्रदूषण का स्तर पता चल सकेगा

पर्यावरण परिसर क्षेत्र में पांच जून से 24 घंटे ध्वनि प्रदूषण का स्तर पता चलेगा। इसके लिए परिसर में एक आधुनिक स्टेशन लगाने का काम पूरा हो गया है। इसे चालू कर दिया है। यह सेंसर आधारित तकनीक पर काम कर रहा है। यह रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, मंत्रालय, बोट क्लब समेत इंदौर, उज्जैन, नर्मदापुरम सहित प्रदेश भर में लगे इलेक्ट्रानिक डिस्प्ले पर 24 घंटे रिपोर्ट प्रसारित कर रहा है। जिसे आम नागरिक आसानी से देख सकते हैं। प्रदूषण का स्तर तय मापदंड 60 डेसीबल (रहवासी क्षेत्र के लिए) से अधिक होने पर संबंधित क्षेत्र में प्रवेश करने से बच सकते हैं। वहीं, नगर निगम व स्थानीय प्रशासन भी इस स्तर से अधिक प्रदूषण पाए



जाने पर संबंधित कारकों व उसके लिए जिम्मेदारों की पहचान कर उन्हें कार्रवाई के दायरे में ले सकेगा। प्रदेश में इस तरह के स्टेशन अभी नहीं हैं, भोपाल इन्हें लगाने वाला पहला शहर है। एक स्टेशन पर करीब 16 लाख रुपये खर्च आ रहा है। अभी सभी शहरों में ध्वनि प्रदूषण की जांच मैनुअली की जाती है।

### चार अलग-अलग इलाकों को इसलिए चुना

रहवासी, औद्योगिक, व्यावसायिक और शांत क्षेत्रों में ध्वनि प्रदूषण का स्तर अलग-अलग होता है, इसलिए इन चार इलाकों को चुना गया है। इन क्षेत्रों के लिए तय मापदंड से अधिक ध्वनि प्रदूषण पाया जाता है तो वहां रहने वाले बुजुर्ग, बच्चे, बीमार व्यक्ति, पक्षी, जलीय जीव, पालतू मवेशियों को नुकसान पहुंच सकता है।

**जल, वायु व ध्वनि प्रदूषण के स्तर पर नजर रखना जरूरी है। इसके लिए आधुनिक तकनीक का उपयोग कर रहे हैं। भविष्य में इन सभी तरह के स्वचालित स्टेशनों की संख्या बढ़ाएंगे।**
**– एए मिश्रा, सदस्य सचिव प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, भोपाल**

# अपनी भी कुछ उपलब्धि बता देते सांसद महोदय

## प्रधानमंत्री मोदी के 08 सालो की उपलब्धियों का किया बखान

सिवनी यशभारत

देश में मोदी लहर के चलते बालाघाट संसदीय सीट से पूर्व त्रिविभागीय मंत्री रहे डॉक्टर ढालसिंह बिसेन लगभग 2 लाख से अधिक वोटों से जीत कर सांसद बन गए जिन्होंने शनिवार को भारतीय जनता पार्टी के कार्यालय में प्रेसवार्ता के दौरान देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सफल 8 सालों की उपलब्धियों का बखान किया। हालांकि उक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में डॉक्टर ढालसिंह बिसेन ने उन पत्रकारों को आमंत्रित करने से परहेज किया जो उनसे सवाल पूछते हैं। सूत्रों की माने तो डॉक्टर ढालसिंह बिसेन सिवनी जिले के कुछ पत्रकारों का सामना करने से परहेज करते हैं जिसका सबसे बड़ा कारण यह है कि पत्रकार डॉक्टर ढालसिंह बिसेन से कई ऐसे सवाल पूछ लेते हैं जिसका जवाब देते हुए डॉ ढालसिंह बिसेन



असहज महसूस करते हैं। शनिवार को भाजपा कार्यालय में डॉक्टर ढालसिंह बिसेन ने कुछ चुनिंदा पत्रकारों के सामने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सफल 08 सालों की उपलब्धि का बखान किया। उन्होंने कहा कि देश में पिछले 8 साल गरीबों के जीवन बदलने वाले रहे हैं। सेवा एवं और सुशासन गरीब कल्याण को समर्पित रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि राजनीति से परिवारवाद तुष्टीकरण और भेदभाव मोदी के कार्यकाल के दौरान ही समाप्त हुआ है। यह दौर सबका साथ सबका विकास का मंत्र है। मोदी के नेतृत्व में एक भारत श्रेष्ठ भारत के निर्माण के लिए मोदी सरकार पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। डॉक्टर ढालसिंह बिसेन ने मोदी सरकार के 8 सालों की उपलब्धि तो बता दिया लेकिन स्वयं के 03 सालों की उप्लब्धि बताने से उन्होंने परहेज ही किया। वैसे डॉक्टर ढालसिंह बिसेन जब से सांसद बने है तब उन्होंने कुछ किया अथवा नही लेकिन पत्र लिखने के मामले में उनका कोई जवाब नही रहा।

बता दें कि सांसद बने डॉक्टर ढालसिंह बिसेन को भी 03 साल हो गए। इन 3 सालों में उनके हिस्से की क्या उपलब्धि है यह वह कब बताएंगे इसकी तरफ सबकी नजर है। डॉक्टर ढालसिंह बिसेन के हिस्से की यदि कोई उपलब्धि है तो वह प्रेसवार्ता आयोजित करते हुए अपनी उपलब्धि अवश्य बताएं और उस प्रेसवार्ता में उन पत्रकारों को भी अवश्य आमंत्रित करें जो पत्रकार उनसे सवाल पूछते है। वैसे पत्र लिखने के मामले में माहिर डाक्टर ढालसिंह बिसेन ने कितने लोगों को रोजगार देने के लिए पत्र लिखा है यह तो नहीं मालूम। बताया जाता है कि सिवनघाट निवासी आशीष पटले ने औषधि कार्यालय बालाघाट में आवेदन देते हुए सिवनघाट में मेडिकल स्टोर खोलने की अनुमति मांगा था जिसके बाद डॉ. ढालसिंह बिसेन ने 16.07.2021 को औषधि निरीक्षक बालाघाट को एक पत्र लिखा था जिसने जमकर सुर्खियां बटोरा था जिसमें डॉ. ढालसिंह बिसेन ने लिखा था कि ग्राम पंचायत सिवनघाट लावनी विकासखंड खैरलांजी में वर्ष 2012 से बिसेन मेडिकल स्टोर संचालित है, इनके द्वारा औषधि का वितरण उचित प्रकार से किया जा रहा है, ग्रामीण आबादी के हिसाब से उपरोक्त ग्राम में एक ही औषधि दुकान पर्याप्त है, अत: उक्त ग्राम में एक और औषधि दुकान की अनुमति नियम अनुसार नहीं दिया जाये। जबकि डॉ. ढालसिंह बिसेन को उक्त पत्र लिखने का कोई अधिकार था ही नहीं। एक तरफ प्रेसवार्ता आयोजित करते हुए डॉ. ढालसिंह बिसेन के द्वारा यह दम भरा जा रहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 08 वर्ष गरीबों का जीवन बदलने सेवा और सुशासन गरीब कल्याण को समर्पित रहा है वहीं दूसरी तरफ वह एक जरूरतमंद व्यक्ति का मेडिकल खोले जाने की अनुमति नहीं देने पत्र लिख रहे हैं जो उनकी कथनी और करनी में बड़ा फर्क साबित करती है।

# दिन दहाड़े हाऊसिंग बोर्ड कालोनी में हुई चोरी

**सिवनी यशभारत।** कोतवाली थाना क्षेत्र में दिन दहाड़े चोरी की वारदात को अंजाम दिया जाने लगा। बताया जाता है कि कोतवाली थाना अंतर्गत हाऊसिंग बोर्ड कालोनी छिंदवाड़ा रोड सिवनी निवासी रवि भारद्वाज रेलवे में पदस्थ है जो 02 जून को अपनी मां के साथ कपूरदा मंदिर गया हुआ था। शाम को जब वह मंदिर से घर लौटा तो देखा कि सामने गेट का ताला टूटा हुआ है और मुख्य दरवाजे का ताला भी टूटा हुआ है तब वह घर के भीतर गया तो देखा कि आलमारी का लॉक खुला हुआ है जिसमें रखे सोने के जेवर, कंगन, चैन, कान की कुंडल, चार अंगूठी सहित चांदी के जेवर करधन एवं लगभग 50 हजार रू. नगदी गायब हैं। बताया जाता है कि हाऊसिंग बोर्ड में ही रवि भारद्वाज के घर के बाजू में संजय सहाय का मकान है उसके घर का भी ताला टूटा हुआ था जिसकी जानकारी संजय सहाय को दी गई तो वह भी अपने घर पहुंचा तब उसने देखा कि उसके घर के भीतर से भी चोरो ने 20 से 25 हजार रू. चुरा लिया जिसकी जानकारी कोतवाली पुलिस को दी गई थी। तब कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई। दोपहर के समय कोतवाली थाना क्षेत्र में दो घरो के ताले टूटने से क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ है।

### कचहरी चौक के पास दो बाईक टकराई

सिवनी। कोतवाली थाना अंतर्गत दलसागर चौपाटी कचहरी टर्निंग के पास पीछे से आ रही बाईक ने एक अन्य बाईक को टक्कर मार दिया।

## संक्षिप्त

### महाराणा प्रताप जयंती पर आयोजन



सिवनी। क्षत्रिय राजपूत समाज सिवनी इकाई द्वारा वीर महाराणा प्रताप की जयंती परंपरानुसार आयोजित की गई। मुख्यालय के गिरजाकुंड में समाज के अध्यक्ष राजबहादुर चौहान के निवास स्थान पर आयोजित इस कार्यक्रम में समाज के महिला पुरुष उपथित रहे।सर्वप्रथम महाराणा प्रताप के चित्र पर दीप प्रज्जवलन व माल्यार्पण किया गया जिसके बाद समाज के प्रबुद्धजनों ने वीर महाराणा के जीवन चरित्र एवं उनके द्वारा किए गए कार्यों के संबंध में अपने विचार व्यक्त किए। इस दौरान फतू बैस, संजय सिंह सहित बड़ी संख्या में सामाजिक बंधु उपस्थित रहे।

### वेटरन लीग ¬ एजे - 11 ने जीते दोनों मैच



**सिवनी।** मुख्यालय के पालीटेक्रिक मैदान में खेली जा रही स्वच्छ वेटरन लीग के अंतर्गत सुबह 6 बजे से दो मुकाबले खेले गए। पहला मुकाबला एजे -11 एवं सिटी बायज के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए एजे - 11 ने 125 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी सिटी बायज निर्धारित 10 ओवरों में 123 रन बना पाई। इस प्रकार मुकाबला एजे -11 ने जीता। इस मैच में मेन आफ द मैच दीपक डागा रहे वही बेस्ट प्लेयर का अवार्ड गन्नू माना ठाकुर को दिया गया। दूसरा मैच एजे -11 एवं जेएसएस के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए एजे ने इरफान के 69 रनों की मदद से 149 रन बनाए। बड़े लक्ष्य का पीछा करने उतरी जैस-11 मात्र 101 रन बना पाई। इस तरह एजे-11 ने दूसरा मुकाबला भी जीत लिया। इस मैच में इरफान को मेन आफ द मैच दिया गया वही बेस्ट प्लेयर मोहन ठाकुर रहे। पालीटेक्रिक मैदान में खेली जा रही इस प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका सुनील सिंह व विपिन सिंह ने निभाई वही स्कोरिंग का कार्य मनीष चौरसिया व निशांत तिव्हन ने पूर्ण किया। आयोजन समिति के मीडिया प्रभारी निशांत ने बताया कि स्वस्थ मानसिकता के साथ फिटनेस के लिए आयोजित इस प्रतियोगिता में किसी भी टीम से प्रवेश शुल्क नही लिया गया है।

# पत्रकारों का सम्मान और मदद करना पहली प्राथमिकता- ठाकरे

**सिवनी यशभारत।** देश में किसका है पत्रकारों के साथ हो रहे अत्याचार को लेकर पत्रकार सुरक्षा कानून की मांग हर संगठन विगत कई वर्षों से सरकार से मांग कर रहा है कि पत्रकारों की सुरक्षा के लिए कानून बनाया जाए जिससे पत्रकार जगत में निष्पक्ष पत्रकारिता करने को निडर बेखौफ होकर निष्पक्ष पत्रकारिता के चलते अनेकों मामले पत्रकारिता के माध्यम से देखने और सुनने को मिलेंगे विगत दिनों बाहुबली होटल में आयोजित मध्य प्रदेश मीडिया संघ द्वारा आयोजित पत्रकार सम्मेलन मैं आए भोपाल से मध्य प्रदेश मीडिया संघ के प्रांतीय अध्यक्ष जयंवत ठाकरे द्वारा पत्रकार परिचय सम्मेलन में चर्चा के दौरान अरे यार सभी संगठनों एवं सभी मीडिया संघ के कार्यकर्ता एक साथ मिलकर काम करें साथ ही कोई भी किसी भी पत्रकार की बुराई ना करें इसके साथ ही किसी अधिकारी के सामने किसी भी पत्रकार की बुराई ना करें हमेशा सभी पत्रकारों का हर समय संभव मदद करें जिससे पत्रकारों की साथ हो रहे अत्याचार झूठे मामले जैसे कई मुद्दों पर प्रशासन कार्यवाही करने से पहले सोचेगा कार्यक्रम में मीडिया



संघ के जिला अध्यक्ष मोनू राकेशिया ने बताया कि मध्य प्रदेश मीडिया संघ के प्रांतीय अध्यक्ष का सिवनी नगर मैं प्रथम आगमन के साथ-साथ होटल बाहुबली मैं आयोजित पत्रकार सम्मेलन एवं परिचर्चा के दौरान पदाधिकारी उपस्थिति में राजकुमार ठाकुर संजू किडिया सतीश मिश्रा गोलू भांगरे महेंद्र शाह मस कोले नरेंद्र सोनी विष्णु रजक विनोद दुबे सौरव बंदे वार मुकेश सेन रंजीत ठाकुर केवल डेहरिया एवं सिडनी के पत्रकार की उपस्थिति में मध्य प्रदेश मीडिया संघ द्वारा आयोजित कार्यक्रम या गया इस कार्यक्रम के दौरान सभी से चर्चा की गई तथा एक दूसरे से परीक्षा किया गया साथ ही सम्मान किया गया

# गुरूनानक वार्ड में दिलचस्प होगा चुनाव, जुनैद सानी पर जता सकते हैं भरोसा

**सिवनी यशभारत।** नगर पालिका चुनाव का बिगुल बज चुका है और वार्ड में तैयारियां का दौर भी शुरू हो चुका है। गत दिवस शहर के सबसे प्रमुख वार्डो में शुमार गुरूनानक वार्ड में युवाओं की एक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में युवा से लेकर बुजुर्ग तबके के लोगों ने शामिल होकर गुरूनानक वार्ड से नये चेहरे को मौका दिये जाने की मांग उठाई। वार्ड के युवा और हर समय लोगो की मदद के लिए तत्पर रहने वाले जुनैद सानी को ही अधिकांश लोगों ने अपना भावी पार्षद बनाने का मन बना लिया है। बैठक के दौरान जुनैद



सानी ने बताया कि बीते 15 सालों से गुरूनानक वार्ड में कोई ऐसा काम नहीं हुआ जिसे याद किया जा सके। वार्डवासियों का कहना था कि उन्हें ना तो ठीक ढंग से पीने का पानी मिल पा रहा है और ना ही नाला-नालियों की सफाई हो पा रही है। लंबे समय से वार्डवासी मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहे है। जुनैद ने वार्डवासियों को भरोसा दिलाया कि यदि वह पार्षद चुनाव जीतकर आते हैं तो वार्ड में सबसे बड़ा ब्लड बैंक बनाया जायेगा।

# छोटे-छोटे नवाचार से पर्यावरण ही नहीं बल्कि मप्र फॉरेस्ट रेंजर्स को ऊर्जावान बनाने की पहल- शिशुपाल अहिरवार

**सिवनी यशभारत।** स्टेट फॉरेस्ट रेंज ऑफिसर्स (राजपत्रित) एसोसिएशन मध्यप्रदेश के द्वारा प्रस्तावित दौरा कार्यक्रम के साथ आज दिनांक 5 जून 2022 को विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में संरक्षक अमित सोनी द्वारा सम्पूर्ण मध्यप्रदेश के वनक्षेत्रपाल साथियों से पर्यावरण उन्नयन में योगदान हेतु अपने-अपने कार्यक्षेत्र व निवास मुख्यालय में 1-1 पौधा रोपण करने की अपील की गई। इसी तारतम्य में संयोजक राजेन्द्र चौहान के समन्वय में एसोसिएशन के अध्यक्ष, शिशुपाल अहिरवार, उपाध्यक्ष संजय राजपूत, सुश्री कर्ष्णिा वर्मा, रविकांत जैन व श्रीमती अनामिका चौपडे; सचिव रामसिंह पटेल, सह-सचिव रविन्द्र पाटीदार व श्रीमती प्रियंका बाथम, कोषाध्यक्ष रज़नीश शुक्ला, प्रवक्ता मुकेश



कुमार डुबे व प्रवेश पाटीदार एवं समस्त व्रत/जिला प्रभारी व अध्यक्षों द्वारा अपने वनक्षेत्रपाल साथियों के साथ अपने-अपने कार्यक्षेत्र/निवास मुख्यालय में रहकर पौधारोपण कर पर्यावरण दिवस को सफलतापूर्वक मनाया गया।इस अवसर पर समस्त वनक्षेत्रपाल साथियो में सकारात्मक उत्साह व ऊर्जा के प्रसार को देखकर भविष्य में भी विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाने का नवाचार किया गया ।

एसोसिएशन के सभी रेंजर साथियों से अनुरोध है कि कार्यकारिणी के द्वारा आगामी कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर इसी प्रकार कार्यकारिणी का मनोबल बनाए रखें । समस्त वनक्षेत्रपाल मप्र वन विभाग के साथियों को एसोसिएशन की ओर से हार्दिक बधाई व शुभकामनायें प्रेषित की गई।

# ग्राम गोरखपुरमें ग्रामीणो ने बनाया मन, त्रिस्तरीय चुनाव का करेंगे बहिष्कार




**सिवनी यशभारत।** पूरे मध्यप्रदेश में इस बार जिला पंचायत ,नगर पंचायत ,जनपद पंचायत और ग्राम पंचायत के चुनाव लगभग 8 वर्ष की समय अवधि के बाद आगामी दिनों में पुन: होने वाले हैं।चूंकी इसके पूर्व कमलनाथ सरकार के समय त्रिस्तरीय पंचायतों की आरक्षण प्रक्रिया तो जैसे तैसे रद्द करवाने के बाद कमलनाथ सरकार को गिरा कर पुन: शिवराज सरकार ने अपना परचम लहरा तो दिया लेकिन चुनाव पेंडिग थे । वर्ष 2022 संपूर्ण मध्य प्रदेश में 3 चरणों में त्रिस्तरीय पंचायत के ऊपर मुहर लग चुकी है।

इसी के अंतर्गत मध्य प्रदेश के सिवनी जिले की जनपद पंचायत केवलारी के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत खामी के ग्राम गोरखपुर के मतदाताओं ने इस बार अपनी मूलभूत सुविधाओं से वंचित होने के कारण इस चुनाव का बहिष्कार करने का पूरा मन बना लिया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार चुनाव बहिष्कार का मुख्य कारण गोरखपुर उगली मार्ग एवं पुलिया का निर्माण, गोरखपुर खामी मार्ग एवं पुलिया का निर्माण ,गोरखपुर सारसडोल मार्ग का निर्माण ,गोरखपुर से टिकरी बम्हनी मार्ग एवं पुलिया का निर्माण आदि विकास से अछूते अपने ग्रह ग्राम की स्थिति को बीते कई दशकों से केवल जनप्रतिनिधियों का इन ग्रामीणों को आश्वासन ही मिला है।जबकि इस ग्राम के एक और मुख्य वैनगंगा नदी प्रवाहित होती है और उगली से गोरखपुर मार्ग पर पड़ने वाले नाले में जरा सी बरसात के बाद पुल में जलमग्न की स्थिति निर्मित होती है और आवागमन बाधित हो जाता है।

### गांव में सड़कों की हालत भी बदहाल

इस ग्राम के पहुंच मार्ग की सड़क की बात की जाए तो पीडब्ल्यूडी के द्वारा निर्मित सड़क भी जीर्ण शीर्ण अवस्था में है मुख्यमंत्री सड़क योजना के अंतर्गत हर गांव कस्बे में सड़कों की स्थिति भले ही सुधर गई हो लेकिन आज भी गोरखपुर ग्राम सड़क और पुलिया के लिए अपनी व्यथा बया कर रहा है। इस बार त्री स्त्रीय चुनाव में मतदाताओं ने विशेष रूपरेखा बनाते हुए चुनाव का बहिष्कार करने का मन बना लिया है जो कि आगामी वर्ष 2023 में विधानसभा और 2024 में लोकसभा के चुनाव होने वाले हैं ग्रामीणों से प्राप्त जानकारी के अनुसार यदि इनकी इन मूलभूत सुविधाओं को नहीं सुना गया तो विधानसभा और लोकसभा जैसे बड़े चुनाव का भी बहिष्कार करेंगे ऐसी चेतावनी दी है।

# स्वयं सेवी नहीं जन सेवी हो जनता का सेवक , प्रत्याशी करें आवेदन : आप

**सिवनी यशभारत।** आम आदमी पार्टी के जिला संगठन मंत्री याहया आरिफ कुरैशी ने प्रेस विज्ञप्ती जारी कर बताया कि, सिवनी नगर की स्थिति सिवनी वासियों से छिपी नहीं है विगत 15 वर्षों से भाजपा का शासन रहा है तथा विपक्ष में कांग्रेसरही है लेकिन सिवनी नगर का विकास नगण्य रहा है उल्टे और बदहाली की स्थिति में आ गया है। आम जनता को मूलभूत व्यवस्था तक नहीं मिल पा रही है ना तो पीने का साफ पानी मिल रहा है नाली सड़क साफ सफाई की कोई व्यवस्था नहीं है शहर में ना गार्डन है नाही चौक चौराहे पर सुलभ शौचालय है और ना ही पार्किंग की व्यवस्था है गरीबों को पट्टे नहीं दिए गए हैं उल्टे अतिक्रमण के नाम पर आम जनता की दुकानें घर तोड़ दिए गए



शासन की योजना के नाम पर बीजेपी कांग्रेस के ठेकेदार ने गुणवत्ता विहीन कार्य कर लाखों करोड़ों का घोटाला किया तथा बीजेपी कांग्रेस के लोगों की अवैध कालोनिया बनाकर जनता को धोखा देकर खूब मुनाफा कमाया है , और आम जनता को छोटे-छोटे कामों के लिए नगरपालिका के चक्कर काटना पड़ता है किंतु काम नहीं होते हैं कांग्रेस विपक्ष के होने के बाद भी कुछ नहीं कर पाई है भाजपा और कांग्रेस का सारा खेल जनता देख चुकी है व्यवस्था बदलने के लिए एकमात्र विकल्प आम आदमी पार्टी है जो आम जनता को मूलभूत व्यवस्था दिलवा सकती है इसके लिए आम जनता से ही योग्य जनसेवी ईमानदार साथियों को भी आगे आना पड़ेगा और और आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ कर

### आम जनता से होगी रायशुमारी, प्रत्याशी कर सकते हैं कार्यालय

व्यवस्था परिवर्तन की लड़ाई में सिवनी की जनता का सहयोग करें आम आदमी पार्टी अच्छे से अच्छे व्यक्ति जो जनता के सेवक के रूप में 5 साल काम कर सके आम जनता को मूलभूत व्यवस्था दिला सके ऐसे व्यक्तियों को टिकट देगी जिसके लिए आम जनता से राय सुमारी भी ली जाएगी ऐसे समस्त व्यक्ति आम आदमी पार्टी के कार्यालय में संपर्क कर प्रत्याशी बनकर व्यवस्था परिवर्तन की लड़ाई में सहयोग करें।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर बाबरिया तालाब में किया गया कार्यक्रम का आयोजन

सिवनी यशभारत। राज्य आनंद संस्थान के निर्देशानुसार 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस पर ग्राम मानेगांव के बबरिया तालाब में रविवार 5 जून को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सिवनी पार्थ जायसवाल सहित अन्य जिला अधिकारियों एवं शासकीय कर्मियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में सीईओ जिला पंचायत श्री जायसवाल द्वारा उपस्थितजनों को संबोधित करते पर्यावरण संरक्षण की भूमिका को बताते हुए के पौधारोपण के महत्व के बारे में जानकारी दी।

# वायु प्रदूषण, प्लास्टिक प्रदूषण और ग्लोबल वार्मिंग जैसी समस्याओं से बचाने स्मार्ट सिटी के अनेकों प्रयास

### *पर्यावरण संरक्षण की दिशा में हरे भरे पौधों को बचाने तथा उन्हें संरक्षित रखने स्मार्ट सिटी की पहल सराहनीय

जबलपुर। स्मार्ट सिटी जबलपुर द्वारा कलेक्टर डॉ. इलैया राजा टी, निगमायुक्त आशीष वशिष्ठ के मार्गदर्शन और स्मार्ट सिटी के सी.ई.ओ. श्रीमती निधि सिंह राजपूत की सतत् निगरानी और प्रयास के कारण पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अनेकों प्रयास किये गए हैं। स्मार्ट सिटी के प्रयासों के तहत् ही जिन-जिन क्षेत्रों में अद्योसंरचना एवं विकास के कार्य कराये जा रहे हैं उन क्षेत्रों में हरियाली को प्रमुखता देते हुए पौधों का संरक्षण किया गया है। स्मार्ट सिटी के इस पहल के लिए लोगों ने सराहना की है और इस संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा आज विश्वपर्यावरण दिवस के अवसर पर कहा गया है कि वायु प्रदूषण, प्लास्टिक प्रदूषण, ग्लोबल वार्मिंग जैसी समस्या से बचाने के अनेको प्रयास किये जा रहे है। स्मार्ट सिटी द्वारा जहाँ एक ओर मदन महल पहाड़ी को उसके पुराने रूप मे लाने के लिए 20 हजार से अधिक पौधे लगाये गये है, तो वही दूसरी तरफ जिन-जिन स्थानों में सड़कों का निर्माण किया जा रहा वहाँ पर इस बात का ध्यान रखा जा रहा है कि बड़े-बड़े वृक्षों को न काटा जाए, इस हेतु गोलबाजार सड़क निर्माण कार्य में प्रस्तावित सड़क के सेंक्शन एवं इसका एलाईजमेंट एम बदलाव कर शहीद स्मारक के चारों ओर की सड़क में 23 एवं इससे जुड़ने वाले मार्गो में महाराष्ट्र स्कूल मार्ग एवं स्थापन मार्गद में 19 पेड़ों को बचाया गया है। स्मार्ट सिटी द्वारा जगह वाटर हार्वेस्टिंग भी की गई। बिजली उत्पादन के लिए सोलर सिस्टम भी लगाया गया है।

# चुनावी सरगर्मी हुई तेज, उम्मीदवार जाएंगे अब चुनावी मैदान में

निितन गौतम

**पनागर, । पनागर नगरीय निकाय चुनाव की घोषणा किये जाने के उपरांत हर उम्मीदवार पार्षद बनने की आस लगाए बैठे हुए है और वह अब मैदान में उतरने के लिए कमर कसते हुए एकदम तैयार है अनेक गायब चेहरे भी अब जनता के बीच आने लगे है हर तरफ से जोड़ तोड़ की कोशिशों में लग चुके है ।**

नगर की गालियों और चबूतरों व नुक्कड़ों में अब मेलमिलाप का क्रम चालू हो गया है सुखदुख में खड़े होने व चर्चाओं का बाजार गर्म होगया है जनता पुराने नेताओं द्वारा किये गए कार्यो का आकलन करने लगी व नए चेहरों से उम्मीद भी करती नजर आ रही है पर अभी भी बहुत कुछ शेष है तो वह है राजनैतिक पार्टियों की भूमिका

### -अनेक वार्डों पर इस बार छवि के आधार पार्षद चुनने की ज्यादा चर्चायें चल रही

पनागर नगर पालिका परिषद के नगरीय निकाय चुनाव में अनेक बार से स्वच्छ छवि के आधार पर पार्षद चुना जाता रहा है और यही क्रम इस बार भी बरकरार रहेगा क्योंकि नगरीय क्षेत्रों में छवि का बहुत अधिक महत्व होता है और अधिकतर चुनाव में यह एक निर्णायक विंदु भी साबित होता है क्योंकि आज के दौर में युवा भी साक्षरता व डिजिटल जमाने मे किसी से पीछे नही है और युवा अनेक परिवारो की रीढ़ मानी जाती है जो चुनाव के समय बड़ी भूमिका अदा करते है

### -लम्बे समय तक टले हुए चुनाव घोषित होने से जोश

इस बार के चुनाव काफी इंतजार के बाद होने के संकेत राज्य निर्वाचन द्वारा दिये है जिससे आम मतदाता व उम्मीदवार सभी मे एक नई ऊर्जा का संचार देखने को मिल रहा है क्योंकि इस बार चुने हुए जनप्रतिनिधियों का कार्यकाल लम्बी अवधि तक चला है अनेक पार्षद चुने हुए जनप्रतिनिधि जनता के भरोसे पर खरे नही उतर पाए तो कही उम्मीद के मुताबिक विकास कार्य नही हो पाए इन वजहों से जनता अब इन जनप्रतिनिधियों को जल्द ही बदलने के लिये जोश में है वही स्थानीय अनेक योग्य उम्मीदवार भी इसी इंतजार में है कि कब कितनी जल्दी पार्षद बनें

### ज्यादातर युवा चेहरे इस बार लड़ेंगे चुनाव

युवाओं में एक अलग उत्साह राजनैतिक क्षेत्र को लेकर देखा जा रहा है हर वार्डो से अनेक दलों में सक्रिय पदाधिकारियों की भूमिका युवाओं की नजर आ रही है जिससे चुनावी समर में परिणाम भी गजब आने की सम्भावना दिखाई दे रही है क्योंकि युवा सोच से विकास की आशा काफी बढ़ती हुई नजर आती है क्योंकि युवा अनेक कार्य क्षेत्रो में रोचक उपलब्धिया हासिल कर रहे है

### -ओ.बी.सी आरक्षण पर बड़ा पेंच महिला भी बन सकती है न पा अध्यक्ष

ओ.बी.सी आरक्षण होने के बाद उम्मीद जताई जा रही है कि पार्षदों से चुने जाने वाला अध्यक्ष कही महिला भी हो सकता है जिससे चुनावी समर में प्रयासरत कुछ उम्मीदवारों के मंसूबों पर पानी फिर सकता है तो वही कुछ उम्मीदवारों के चेहरे खिल सकते है इसलिये इसे एक बड़े पेंच के रूप में भी देखा जा सकता है उम्मीदवारों के बदलावों के चलते भी नतीजे अत्यधिक प्रभावित होते हुए नजर आने की प्रबल सम्भावना है।

# रियान पराग के विवादित रन आउट के बाद अश्विन ने मांगी थी माफी



## पराग बोले- उन्हें रन भागना चाहिए था

आईपीएल 2022 में रियान पराग ने बल्ले के साथ बहुत अच्छा प्रदर्शन नहीं किया था, लेकिन विवादों के चलते वो काफी सुर्खियों में रहे थे। हर्षल पटेल के साथ उनकी कहा-सुनी हो या अश्विन के साथ रन आउट का मामला। रियान पराग ने इन विवादों के चलते जमकर सुर्खियां बटोरी थीं और उन्हें सोशल मीडिया पर काफी ट्रोल किया गया था। अब रियान पराग ने खुलासा किया है कि अश्विन ने उनके रन आउट के बाद उनसे माफी भी मांगी थी। युवा पराग अभी भी आईपीएल के सबसे युवा खिलाड़ियों में शामिल हैं, जबकि अश्विन भारतीय टीम के सीनियर खिलाड़ियों में से एक हैं। इसके बावजूद अश्विन ने पराग से माफी मांगी थी। रियान पराग ने रूटर के लिए गेमिंग स्ट्रीम के दौरान कहा कि अश्विन ने उनसे माफी मांगी थी और स्वीकार किया था कि आखिरी गेंद में रन भागने का उनका फैसला सही था। इसके बाद पराग ने कहा कि अश्विन को अतिरिक्त रन भागना चाहिए था, क्योंकि वो किसी पुछल्ले बल्लेबाज के साथ नहीं खेल रहे थे।

### क्या है मामला?

गुजरात टाइटंस और राजस्थान रॉयल्स के मैच में अश्विन आखिरी गेंद पर स्ट्राइक में थे और रियान पराग दूसरे छोर पर खड़े थे। ऐसे में गेंदबाज यश दयाल ने वाइड गेंद डाल दी और रियान पराग अतिरिक्त रन लेने के चक्कर में दूसरे छोर पर पहुंच गए। वहीं, अश्विन अपनी क्रीज से हिले भी नहीं। ऐसे में रियान पराग को रन आउट होकर पवेलियन लौटना पड़ा और वो अश्विन को घूरते हुए मैदान से बाहर गए थे। इस घटना के बाद रियान पराग को सोशल मीडिया पर जमकर ट्रोल किया गया था। फैंस का कहना था कि युवा पराग को अश्विन जैसे सीनियर खिलाड़ी के साथ सलीके से पेश आना चाहिए था। अब इस मामले पर रियान पराग ने पूरा खुलासा किया है।

### पुछल्ले बल्लेबाज के साथ नहीं खेल रहे थे अश्विन

रियान पराग ने कहा ड्ढअश्विन किसी पुछल्ले बल्लेबाज के साथ नहीं खेल रहे थे। अगर दूसरे छोर पर कोई गेंदबाज होता तो कोई दिक्कत नहीं थी, लेकिन जब वो मेरे साथ बल्लेबाजी कर रहे हैं तो उन्हें भागना चाहिए था। मैं हैरान था। मैंने एक बार उन्हें देखा और वापस लौट गया। बाद में अश्विन मेरे पास आए और मुझसे माफी मांगी। वो उस समय कुछ सोच रहे थे। इस वजह से वो रन नहीं भागे थे। लेकिन आप सब लोगों ने इसे कुछ भी बना दिया कि रियान पराग ने अश्विन को जानलेवा नजरों से घूरा।

## परफ्यूम एड पर भड़कीं प्रियंका चोपड़ा



भारत जैसा देश जहां महिलाएं अभी भी पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने की कोशिश कर रही हैं। जहां इंडस्ट्री में अभिनेत्रियां समान वेतन और यौन उत्पीड़न जैसे मुद्दों से लड़ने की कोशिश कर रही हैं, वहीं परफ्यूम के विज्ञापन ने देशभर में हंगामा मचा रखा है। परफ्यूम के ब्रांड ने एक ऐसा एड बनाया है जिसपर विवाद होना लाजमी है। इस विज्ञापन को देखने के बाद कई हस्तियों ने सोशल मीडिया पर इसकी आलोचना की और इसे रेप को बढ़ावा देने वाला बताया। प्रियंका चोपड़ा, फरहान अख्तर, ऋचा चड्ढा और स्वरा भास्कर जैसे एक्टर्स ने विज्ञापन के बारे में अपनी राय रखी है। प्रियंका चोपड़ा ने ट्विटर पर इस विज्ञापन के बारे में कहा- शर्मनाक और घृणित। इस विज्ञापन को हरी झंडी दिखाने के लिए कितने स्तरों की मंजूरी लेनी पड़ी होगी...कितने लोगों ने सोचा कि यह ठीक था? मुझे बहुत खुशी है कि कुछ लोगों को यह बुरा लगा और ये मुद्दा खड़ा किया गया है। इसपर सख्त एक्शन लिया जाना चाहिए।



## भारतीय पुरुष टीम मलयेशिया और पोलैंड को हराकर फाइनल में

### महिला टीम की पहली जीत

राउंड रॉबिन लीग चरण में तीन जीत और एक ड्रॉ के साथ 10 अंक लेकर ग्राहम रीड कोच वाली टीम पांच स्टैडिंग टीम में शीर्ष पर रही। भारत का सामना फाइनल में पोलैंड से होगा, जो छह अंक लेकर दूसरे स्थान पर है। एफआईएच की ओर से आयोजित हॉकी-5एस टूर्नामेंट के दूसरे दिन भारतीय पुरुष टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए मलयेशिया (7-3) और पोलैंड (6-2) को हराकर फाइनल में प्रवेश कर लिया। राउंड रॉबिन लीग चरण में तीन जीत और एक ड्रॉ के साथ 10 अंक लेकर ग्राहम रीड कोच वाली टीम पांच स्टैडिंग टीम में शीर्ष पर रही। भारत का सामना फाइनल में पोलैंड से होगा, जो छह अंक लेकर दूसरे स्थान पर है।

वहीं महिला टीम ने दूसरे दिन का आगाज जीत से करते हुए स्विट्जरलैंड को 4-3 से हराया। महिला टीम को फाइनल में पहुंचने के लिए दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ जीत की जरूरत है। मलयेशिया के खिलाफ भारत ने तेज शुरुआत की। भारत की ओर से गुरुसाहिबजीत ने दो (पहले व 17वें मिनट), संजय ने दो (10वें व 12वें मिनट) और मोहम्मद राहिल ने हैट्रिक (8वें, 13वें व 18वें मिनट) गोल दागे। वहीं मलयेशिया की ओर से चौथे, 9वें और 13वें मिनट में तीन गोल किए गए।

दूसरे मैच में पोलैंड के खिलाफ भी भारत ने यहीं रणनीति बनाई और आक्रामक शुरुआत की। भारत की ओर से संजय ने दो (दूसरे व 9वें मिनट), राहिल ने (चौथे मिनट), गुरुसाहिबजीत (7वें मिनट), मंदीप (10वें मिनट) और रबिचंद्रन (15वें मिनट) ने एक-एक गोल दागा। पोलैंड की ओर से 14वें और 16वें मिनट में दो गोल किए गए। इस जीत के साथ ही भारत ग्रुप में शीर्ष पर रहा और फाइनल में प्रवेश कर लिया। शनिवार को दो मैच हार के बाद से निराश भारतीय महिला टीम ने रविवार को शानदार खेल का प्रदर्शन किया और स्विट्जरलैंड को मात देकर फाइनल में पहुंचने की उम्मीदें जीवंत रखीं। भारत की ओर से रुताजा ने तीसरे और मुमताज ने हैट्रिक (10वें, 14वें और 17वें मिनट) लगाते हुए भारत की जीत सुनिश्चित की। वहीं स्विट्जरलैंड की ओर से दूसरे, चौथे और 11वें मिनट में तीन गोल हुए। भारत को फाइनल में पहुंचने के लिए दक्षिण अफ्रीका को हराना होगा।

# गार्सिया-क्रिस्टिना दूसरी बार बनीं चैंपियन

## एकल के बाद युगल में भी हारी कोको गॉफ



मेजबान फ्रांस की कैरोलिन गार्सिया और क्रिस्टिना मलादेनोविच ने रविवार को फ्रेंच ओपन में महिला युगल का खिताब जीत लिया। फाइनल मुकाबले में उन्होंने आठवीं वरीयता की अमेरिकी जोड़ी कोको गॉफ और जेसिका पेगुला ने 2-6, 6-3, 6-2 से जीत हासिल की। छह साल पहले चैंपियन रहीं गारसिया और क्रिस्टिना का यह रोलां गैरो में दूसरा टूर्नामेंट है। उन्होंने पहला सेट हारने के बाद एक घंटे और 44 मिनट में मुकाबला अपने नाम किया। अमेरिका की 18 साल की कोको गॉफ एकल के बाद युगल में खिताब की दहलीज पर आकर ट्रॉफी नहीं उठा सकीं। डब्ल्यूटीए की युगल रैंकिंग में दुनिया की पूर्व नंबर एक रहीं मलादेनोविच इससे पहले टिमिया बाबोस के साथ 2019 और 2020 में खिताब जीत चुकी हैं। उनके नाम फ्रेंच ओपन में कुल चार युगल ट्रॉफियां हो चुकी हैं।

### 2016 में जीते थे चार खिताब

गारसिया और क्रिस्टिना दोनों एकल और युगल में दुनिया की शीर्ष दस खिलाड़ी रह चुकी हैं। वे 2016 में वर्ष की श्रेष्ठ डब्ल्यूटीए युगल टीम बनीं। उस सीजन में इस जोड़ी ने चार खिताब जीते थे जिसमें रोलां गैरो भी शामिल था। वे उस साल यूएस ओपन के भी फाइनल में पहुंचीं थी।

### पिछले साल फिर बनाई जोड़ी

फरवरी 2017 के बाद उन्होंने फिर जोड़ी बनाई और फ्रेंच ओपन में उनका चौथा टूर्नामेंट था। मौजूदा युगल रैंकिंग में मलादेनोविच 232वें और गारसिया 469वें स्थान और उन्हें इस बार वाइल्ड कार्ड के जरिए मुख्य ड्रॉ में खेलने का मौका मिला था। पिछले वर्ष यह जोड़ी ओलंपिक में खेली और इस साल ऑस्ट्रेलियन ओपन के दूसरे दौर में प्रवेश किया। इस टूर्नामेंट में उन्होंने कई मैचों में एक सेट से पिछड़ने के बाद वापसी की जिसमें सेमीफाइनल और फाइनल शामिल रहा।

### दूसरा युगल फाइनल हारीं गॉफ

अमेरिका की 18 साल की कोको गॉफ को एकल फाइनल के बाद युगल में भी खिताब हासिल नहीं हो सका। एकल में पोलैंड की इगा स्वियातेक के हाथों उन्हें 1-6, 3-6 से हार का सामना करना पड़ा। युगल में भी वह अपने दूसरे ग्रैंडस्लैम के फाइनल में खिताब हासिल नहीं कर सकी। रोलां गैरो से पहले वह पिछले वर्ष कैटी मैकनेली के साथ यूएस ओपन के भी फाइनल में पहुंची थी। कोको ने कहा, कॅरिअर में कम उम्र में मेरी सफलता का कारण यह है कि मैं उच्च स्तर तक पहुंचने के लिए मेहनत से गुरेज नहीं करती। कोको 15 वर्ष की उम्र में विंबलडन 2019 में क्वालिफायर के रूप में पूर्व नंबर एक वीनस विलियम्स को हराकर सुर्खियों में आईं।

# मर्द भी पीड़ित हो सकते हैं...

## जॉनी डेप के सपोर्ट में आए दिशा पाटनी सहित सितारे



हॉलीवुड अभिनेता जॉनी डेप को जश्न मनाने की वजह मिल गई है। दरअसल डेप और उनकी पूर्व पत्नी एम्बर हर्ड के खिलाफ चल रहे मानहानि के मामले में वर्जीनिया की एक अदालत ने बुधवार को फैसला सुनाया, जिसमें जॉनी डेप ने मुकदमा जीत लिया है। सात सदस्यीय वर्जीनिया जूरी ने अभिनेत्री एम्बर हर्ड को 15 मिलियन डॉलर का भुगतान करने का आदेश भी दिया है। जॉनी डेप ने दिसंबर 2019 के %द वाशिंगटन पोस्ट% के एक लेख पर एम्बर हर्ड के खिलाफ मुकदमा दायर किया था। हर्ड ने जॉनी पर घरेलू हिंसा और मारपीट करने का आरोप लगाया था। इसके चलते जॉनी को हॉलीवुड में काफी नुकसान झेलना पड़ा था। जॉनी डेप ने एम्बर के इस बयान पर मानहानि का मुकदमा दर्ज करते हुए 50 मिलियन डॉलर की मांग की थी। अदालत का फैसला डेप के पक्ष में जाने से उनके प्रशंसक खुश हैं। इस बीच, भारत की मशहूर हस्तियों ने भी इस मामले में अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की हैं और उनमें से अधिकांश डेप के पक्ष में हैं। उनका कहना है कि दर्द भी पीड़ित हो सकता है। आइए जानते हैं वे क्या कह रहे हैं- बॉलीवुड अभिनेत्री दिशा पाटनी ने इस मामले को लेकर इंस्टाग्राम पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने इंस्टाग्राम पर जॉनी डेप की तस्वीर को साझा किया है। तस्वीर में वह जैक स्पैरो की तरह नजर आ रहे हैं। तस्वीर पर उन्होंने लिखा है- कोई भी जॉनी डेप की जगह नहीं ले सकता है। नील नितिन मुकेश ने भी डेप की फोटो को इंस्टाग्राम की स्टोरी में साझा करते हुए इस फैसले को न्याय बताया है। कहा

### कोर्ट के अंदर और बाहर

अदालत के फैसले पर अली फलज की काफी मिली-जुली प्रतिक्रिया थी। उन्होंने डेप को इस जीत पर बधाई दी है। अभिनेता कुशाल टंडन ने ट्वीट किया, यह फैसला एक व्यक्तिगत जीत की तरह लग रहा है। क्यों? क्योंकि यह फैसला भविष्य के लिए एक मिसाल कायम कर रहा है। बधाई हो मिस्टर डेप। सौफी चौधरी ने भी जॉनी की फोटो शेयर कर फैसले का स्वागत किया। सौफी ने एम्बर के ही एक स्टेटमेंट को लिखकर कहा कि छह साल बाद जॉनी ने सच दुनिया को बताया और कोर्ट के बाहर और अंदर दोनों जगह जीत दर्ज की। वहीं अदालत के फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए एम्बर हर्ड ने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा, %%आज मुझे जो निराशा महसूस हो रही है, वह शब्दों से परे हैं। मैं इस बात से दुखी हूं कि इतने सारे सबूत भी मेरे पूर्व पति की असीमित ताकत, प्रभाव और बोलबाले का सामना करने के लिए काफी नहीं थे। इस फैसले से दूसरी महिलाओं को भी झटका लगेगा। इससे महिलाओं के खिलाफ हिंसा को लेकर गंभीरता कम होगी।

## `धमकी के बाद सलमान की बढ़ाई गई सुरक्षा, घर पहुंची मुंबई पुलिस



महाराष्ट्र गृह विभाग ने अभिनेता सलमान खान और उनके पिता सलीम खान की सुरक्षा बढ़ा दी है। इस वक्त आरा अधिकारी सलमना खान के घर पहुंच चुके हैं। बता दें कि 5 जून को सलमान और सलीम खान को धमकी भरा पत्र भेजा गया था, जिसके बाद अज्ञात शख्स के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर दी गई है। जिसके बाद पुलिस इसकी जांच में जुट गई है। संगीतकार सिद्धू मूसेवाला की हत्या के बाद सलमान खान की सुरक्षा बढ़ा दी गई थी। कथित तौर पर, गायक की हत्या लॉरेंस बिश्नोई गिरोह से जुड़ी हुई है, जिसके कारण सलमान की जान को भी खतरा बताया गया था। सिद्धू की हत्या के छह दिनों बाद सलीम खान को रविवार की सुबह करीब 8 बजे धमकी भरा नोट मिला। बता दें कि सलीम खान अक्सर इसी वक्त जॉगिंग के लिए बाहर जाते हैं। खत में लिखा था... लेखक-फिल्म निर्माता को उसी बेंच पर पत्र रखा मिला, जिसपर वह आमतौर पर टहलने के बाद बैठते हैं। कथित तौर पर उक्त पत्र में सलमान खान का भी मूसेवाला की तरह हाल करने की धमकी दी गई थी। घटना के बाद खान परिवार ने मुंबई पुलिस से संपर्क किया और मामले पर आधिकारिक प्राथमिकी दर्ज कराई। गौरतलब है कि लॉरेंस बिश्नोई ने 1998 में फिल्म %हम साथ साथ हैं% की शूटिंग के दौरान काले हिरण के शिकार मामले में सलमान खान को धमकी दी थी। इस वक्त लॉरेंस बिश्नोई तिहाड़ जेल में हैं, जहां उनसे सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड के संदर्भ में पूछताछ की जा रही है।

# सितारों ने पहुंच बढ़ाई रौनक



मुकेश अंबानी ने होने वाली बहू के लिए रखी अरंगेत्रम सेरेमनी भारत के सबसे प्रभावशाली और अमीर उद्योगपतियों में से एक मुकेश अंबानी का बॉलीवुड से गहरा नाता रहा है। जब भी उनके घर में कोई पार्टी होती है तब वहां बॉलीवुड इंडस्ट्री के बहुत सितारे पहुंच पार्टी की रौनक बढ़ाते हैं। इस बार भी ऐसा ही कुछ देखने को मिला, कल यानी 5 जून का दिन अंबानी परिवार के लिए बहुत खास था। दरअसल, कल मुकेश अंबानी और नीता अंबानी ने अपनी होने वाली छोटी बहू राधिका मर्चेंट की अरंगेत्रम सेरेमनी का आयोजन किया था। मुंबई के जियो वर्ल्ड सेंटर में हुए इस आयोजन में बॉलीवुड के कई बड़े और नामी सितारों ने शिरकत की थी। अंबानी परिवार की होने वाली छोटी बहू राधिका मर्चेंट एक क्लासिकल डांसर हैं। बीते दिन राधिका ने पहली बार स्टेज पर परफॉर्म किया था। इस दिन को राधिका के लिए और खास बनाने के लिए मुकेश अंबानी ने इस भव्य अरंगेत्रम सेरेमनी का आयोजन किया था, जिसमें राधिका बेहद खूबसूरत लग रही हैं। उनके परफॉर्मेंस की तस्वीरें और वीडियोज सोशल मीडिया पर छाए हुए हैं, जिनमें उनका प्रभावशाली डांस और खास भाव-भंगिमा देखने को मिल रही हैं। स्टेज पर राधिका का मर्चेंट का क्लासिकल लुक देखते ही बन रहा था, कोई भी उनसे अपनी नजरें नहीं हटा पा रहा था। मुंबई में जियो वर्ल्ड सेंटर में आयोजित इस कार्यक्रम में अंबानी परिवार के साथ-साथ फिल्मी दुनिया की तमाम हस्तियां भी राधिका मर्चेंट का डांस देखने पहुंची। इस कार्यक्रम में राजकुमार हिरानी, मीजान जाफरी, सागरिका घाटगे, जहीर खान, सलमान खान, आमिर खान और रणवीर सिंह ने शिरकत की। जहां रणवीर सिंह कार्यक्रम में कुर्ता पजामा पहने दिखाई दिए तो वहीं सलमान और आमिर खान अपने स्टेटमेंट स्टाइल में वहां पहुंचे थे। राधिका मर्चेंट अंबानी परिवार की होने वाली छोटी बहू हैं। दरअसल, मुकेश अंबानी और नीता अंबानी के छोटे बेटे अनंत अंबानी का राधिका से शादी होने वाली है। राधिका को इससे पहले भी कई बार अंबानी परिवार के साथ स्पॉट किया जा चुका है।

# मीन राशि वालों की सोचने की क्षमता होती है बहुत तेज

यश भारत जीवन ज्योतिष में प्रत्येक सप्ताह की तरह इस सप्ताह भी हम बात कर रहे हैं ,अंतिम राशि मीन की। इस राशि से जुडे लोगों को बताया जायेगा कि उनका यह वर्ष कैसा रहेगा। जीवन में आने वाले उतार चढ़ाव में राशि की क्या भूमिका होगी। विद्यार्थियों का मन शिक्षा के प्रति आकर्षक का केन्द्र रहेगा। लोगों के जीवन में आने वाली समस्याओं का निवारण कैसे होगा। मीन राशि के बारे में सम्पूर्ण जानकारी देने के लिये पुन: ज्योतिषाचार्य मनोहर वर्मा जुड़े हैं प्राईम टाईम विद आशीष शुक्ला के साथ।

यश भारत जीवन ज्योतिष

वीडियो देखने के लिए यश भारत फेसबुक पर जाएं

### अंतिम राशि मीन

सभी राशियों में से मीन राशि 12वें नंबर की राशि है जिसका प्रभाव आकाश में 330 डिग्री से 360 डिग्री तक होता है। यह राशि मोक्ष का केन्द्र मानी जाती है। साथ ही यह जल तत्व की राशि है। स्थिर और चल राशि वालों का स्वाभाव इस राशि में मिलेगा। इस राशि का स्थान ज्यादातर घर के अंदर होता है।

### जीवों को दर्शाने वाली राशि है।

आखिर कैसा होता है मीन राशि का आकार मीन राशि का आकार दो मछलियों को दर्शाता है। दोनों मछलियां एक दूसरे से विपरीत दिखाई देती है। जो एक चक्र बनाती है। जिसका अर्थ होता है सम्पूर्ण चीजों को मंथन। इस मंथन से मालूम चलता है कि अब क्या नतीजा निकलने वाला है। नतीजे की बैचेनी का दर्शाना इस राशि कार्य होता है।

### कैसे होते इस राशि के लोग

इस राशि के लोग बहुत भावुक होते हैं। कार्यों के प्रति निर्णय जल्दी नहीं लेते। आवश्यकता होने पर यह लोग सुझाव भी देते है। इन लोगों की दृढ शक्ति बहुत ही तेज होती है। सम्पूर्ण जीवन के बाद हमारा बाहरी अस्तित्व क्या होगा इसकी जानकारी भी मीन राशि से मालूम पड़ती है।



यशभारत के लोकप्रिय कार्यक्रम जीवन ज्योतिष में ज्योतिषाचार्य मनोहर वर्मा से विशेष चर्चा

### इस राशि के लोग किन कामों में ज्यादा रूची रखतें है।

इस राशि के लोग ज्यादातर आध्यात्मिक और विज्ञान जैसे विषयों पर ज्यादा रूचि रखते है। जैसे धर्म से जुडे कार्य पूजन पाठ उपचार और नई -नई सोचों को अपने मस्तिष्क में जन्म देता है। यह राशि पंजों को भी प्रदर्शित करती है। जैसे मेष हमारे मस्तिष्क को दर्शाती है उसी तरह यह अंतिम राशि होने के कारण हमारे पंजों को दर्शाती है। इनकी कार्य क्षमता अधिक होती है। साथ ही कुछ भी कार्य करने के पहले उस पर गहन मंथन करते है। और गलतियां कम करते है। इस राशि के लोगों की सोचने की क्षमता बहुत तेज होती है।

### शिक्षा के प्रति कैसा व्यवहार होता है

इस राशि के लोग शिक्षा के प्रति अधिक आकर्षिक होते है। इनका कद थोडा छोटा होता है। और आकार में थोडे से मोटे होते है। इन लोगों के अंदर काफी बैचेनी बनी होती है। पडने में ज्यादा मन लगा होता हैं। किताबें पडने के शौकिन होते हैं। शिक्षा को अधिक महत्व देते है। नई नई सोच पर कार्य करते है। और गलतियां कम करते है। इनमें याद रखने की स्मरण शक्ति अच्छी होती है। इनका व्यक्तित्व काफी गंभीर होता है । जीवन के अंतिम पढाव को अंकित करने वाली राशि है । साथ ही यह एक उभय राशि है।

### कैसी होती है यह मीन राशि

यह राशि शुक्र की उभय राशि कहलाती है। शुक्र इस राशि में अपने आप को बहुत प्रसन्न महसूस करता है। साथ ही भौतिक संसाधन उपलब्ध कराती है। शुक्र का स्थान जहां भी रहेगा उसकी जीवन शैली परी पूर्ण होगी। वहीं बुध इस राशि में आकर अपने आप को थोडा उदास महसूस करता है। मीन राशि ऐश्वर्य प्रदान करने वाली राशि भी है। ग्रथों के अनुसार देखा गया है की गुरू जो है वह देवताओं के गुरू है और शुक्र असुरों के गुरू लेकिन शुक्र मीन राशि में आने के बाद प्रसन्न रहते है।

### इस राशि के नक्षत्र कैसे होते है

पुराणों में 22 नक्षत्रों को दर्शाया गया है। इस राशि में जो नक्षत्र होते है। उसमें बुध और शनि के नक्षत्र और गुरू का केवल एक जन नक्षत्र होता है। बुध और शनि शुक्र के मित्र होते है। तो निश्चित रूप से इस राशि में इन ग्रहों का योगदान काफी महत्वपूर्ण होता है। बुध और शनि दोनों मिलकर इस राशि में वास करते है। और साथ में कार्यरत होते है।

## महाराष्ट्र समाज और बड़ेरिया मेट्रो प्राइम अस्पताल ने उत्कृष्ट कार्यों के लिए डॉ सावंत व डॉ हर्णे का सम्मान किया

# सुझाव आने लगें, तब यह मान लेना चाहिए कि चिकित्सा व्यवस्था विकसित है

**जबलपुर, यशभारत। जब अस्पताल यह प्रयास करने लगे कि लोग बीमार न पड़ें और शहर के चिकित्सा के क्षेत्र के विकास हेतु समाज के सुझाव आने लगें, तब यह मान लेना चाहिए कि हमारे शहर की चिकित्सा व्यवस्था निश्चित रूप से विकसित होने वाली है। बड़ेरिया मेट्रो प्राइम अस्पताल का यह अभिनव प्रयास संवाद अत्यंत सराहनीय है, समाज इसमें अपनी भागीदारी ज़रूर सुनिश्चित करेगा। उक्त विचार जबलपुर की महापौर डॉ स्वाति गोडबोले ने बड़ेरिया मेट्रो प्राइम हॉस्पिटल में आयोजित संवाद कार्यक्रम में व्यक्त किए।**





कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे बड़ेरिया मेट्रो प्राइम हॉस्पिटल के चेयरमैन श्री सौरभ बड़ेरिया ने कहा कि संक्रामक तथा असंक्रामक बीमारी को समझ कर, आक्रामक बीमारी से असमय होने वाली मृत्युदर को कम किया जा सकता है, वषज़् में एक बार अपना हेल्थ चेक अप करा कर बड़ी बीमारी से बचा जा सकता है। अस्पताल को खुशी तब होती है जब जबलपुर में उपचार करा रहा मरीज बाहर जाता है और वहां बाहर के विशेषज्ञ ये कह देते हैं कि सही इलाज चल रहा है। इस अवसर पर महाराष्ट्र समाज और बड़ेरिया मेट्रो प्राइम हॉस्पिटल ने जबलपुर के वरिष्ठ जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जन डॉ राजीव सावंत और वरिष्ठ निश्चित ना विशेषज्ञ डॉ रविंद्र हर्णे का उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मान किया।वरिष्ठ हास्य कलाकार श्री दत्तात्रेय कुलकर्णी ने कहा कि हम अपनी गाड़ियों में सबसे महंगा और अच्छा तेल भरवा आते हैं और अपने खाने के लिए सबसे सस्ता तेल ढूंढते हैं अपनी बनाई मशीन की इतनी चिंता करते हैं और भगवान की मनाई मशीन को हल्के में लेते हैं तभी बीमार पड़ते हैं।

पत्रकारिता व समाज सेवा में उत्कृष्ट कार्य हेतु मराठी समाज के सदस्यों शम्भू दयाल बड़ेरिया जी, एम डी राजीव बडेरिया ने श्रीफल,शॉल और पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान पधारे सदस्यों के सवालों के जबाव भी दिए गए। संवाद कायज़्क्रम का संचालन डायरेक्टर (सीएसआर)डॉक्टर सुनील मिश्रा ने किया । कार्यक्रम में पूर्व महापौर स्वाति गोडबोले, सदानन्द गोडबोले, दादा दत्तात्रेय कुलकर्णी व मराठी समाज के सदस्य । मनोज तैलंग तरुण सोनाने विजय भावे गोविंद पांडे नीलिमा देशपांडे मनीष नाजवाले निणज़्य काले जये ,स्वप्निल गरे भी मौजूद रहे।

# टीसी ने महिला से किया दुराचार

जबलपुर यश भारत। पश्चिम मध्य रेल के जबलपुर रेल मंडल के अंतर्गत टिकट निरीक्षक द्वारा महिला रेल यात्री के साथ दुष्कर्म का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है । घटना के बाद पीड़ित द्वारा इस मामले की रिपोर्ट सागर के कैंट थाने में दर्ज कराई गई जहां से मामला जीरो में कायम होने के बाद सागर जीआरपी भेजा गया है । सागर जीआरपी ने घटना को गंभीरता से लेते हुए महिला रेल यात्री से दुष्कर्म करने वाले रेल टिकट निरीक्षक की सरगर्मी से तलाश करने में लगी हुई है इस घटना की जानकारी जैसे ही अन्य टिकट निरीक्षकों को लगी तो महकमे में तरह-तरह की चर्चा का बाजार गर्म है।सागर जीआरपी ने जानकारी देते हुए बताया कि मकरोनिया निवासी एक महिला विगत 4 जून को भागलपुर एक्सप्रेस के जनरल कोच में गुना रेलवे स्टेशन से बिना टिकट सवार होकर सागर की यात्रा कर रही थी इसी दौरान रेल टिकट निरीक्षक राजू लाल मीणा जनरल कोच में पहुंचकर यात्रियों की टिकट चेक कर रहा था जहां बिना टिकट बैठी उक्त महिला के पास पहुंचा और उससे टिकट मांगी जब महिला के पास टिकट नहीं मिला तो टिकट निरीक्षक ने महिला का आधार कार्ड मांगा और उससे बोला कि चलो आपको साहब से मिलवा दे।टिकट निरीक्षक द्वारा महिला को झांसा देकर वह अपने क्वार्टर में ले गया जहां पर उसने महिला रेल यात्री के साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता द्वारा इस घटना की रिपोर्ट सबसे पहले सागर के कैंट थाने में दर्ज कराई गई जहां से जीरो में कायमी होने के बाद फ़ाइल को सागर जीआरपी भेजा गया सागर जीआरपी को इस घटना की जानकारी लगते ही उसके द्वारा इस पूरे मामले की पड़ताल की जा रही।

# पत्थर से हमला कर फोड़ दिया सिर

जबलपुर। गोहलपुर और संजीवनी नगर में प्राणघातक हमले में दो युवक बुरी तरह घायल हो गए। जहां गोहलपुर में देर रात आरोपियों ने घेरकर युवक के सिर में पत्थर से वार कर घायल कर दिया तो वहीं संजीवनी नगर में बदमाशों ने एकराय होकर युवक पर चाकुओं से ताबड़तोड़ वार कर, छलनी कर दिया। जिसके बाद आनन फानन में दोनों को अस्पताल में भर्ती किया गया है। पुलिस ने पीड़ितों की शिकायत पर मामला दर्ज कर, जांच में लिया है। जानकारी अनुसार सुमित दाहिया 19 वर्ष निवासी बस्ती नम्बर 1 ने पुलिस को बताया कि शादी पार्टी में लेमा गार्डन गया था। रात लगभग 2 बजे शादी पार्टी से खेरमाई मंदिर के पास सिगरेट लेने जा रहा था उसी समय खेरमाई मंदिर मोड़ के पास समीर कुशवाहा, सचिन पटैल एवं विजय रजक जो उसके पुराने दोस्त है मजाक करते हुये उसके साथ गाली गलौज करने लगे, उसने गालियां देने से मना किया तो तीनों ने पत्थर से हमलाकर सिर में चोट पहुँचा दी।




































स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा जनपक्ष प्रिंटिंग एवं पब्लिशिंग, गोपालबाग जबलपुर-2 से मुद्रित एवं 160/जी, जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*। फोन (0761) 2643333, 2646666, फैक्स : 4084085। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/2022-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. email - jabalpur@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)